बेंगलूरु, रविवार 24 मार्च 2024 ▪ फाल्गुन शुक्ल - 14 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 239 ▪ बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



5 मुख्यमंत्री राज्य का मालिक नहीं सेवक होता है : आदित्यनाथ

6 लांस नायक जंगबीर सिंह : शांति व मानवता के लिए बलिदान हुए थे 'जंग के वीर'

7 'दलदल' में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आयेंगी भूमि पेडनेकर






## अवकाश की सूचना

रंगों से सराबोर भाईचारे के त्यौहार होली के अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हितैषियों को अनेकानेक बधाइयां। 24 और 25 मार्च 2024 को होली उत्सव के उपलक्ष्य में दक्षिण भारत कार्यालय में संपूर्ण अवकाश रहेगा, अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

# आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं करेगा भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सिंगापुर/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को कहा कि भारत पाकिस्तान से पनप रहे आतंकवाद को नजरअंदाज करने के कतई पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को ''शासन के एक साधन'' के रूप में इस्तेमाल करता है और इस पड़ोसी देश में आतंकवाद को एक ''उद्योग'' के तौर पर प्रायोजित किया जा रहा है।

सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर आये जयशंकर ने सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) के दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में अपनी पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' पर व्याख्यान सत्र के बाद आयोजित सवाल-जवाब के एक सत्र के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''हर देश एक स्थिर पड़ोस चाहता है... और कुछ नहीं तो आप कम से कम एक शांत पड़ोस तो चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, दुर्भाग्य से भारत के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। उन्होंने पूछा, ''आप एक ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे जो इस तथ्य को खुलेआम स्वीकार करता है कि वह आतंकवाद को शासन के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करता है।'' जयशंकर ने कहा, ''यह एक बार होने वाली घटना नहीं है...बल्कि लगातार होने वाली घटना है, लगभग उद्योग स्तर पर...तो हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि हमें इस (खतरे) से निपटने का एक तरीका ढूंढना होगा, जिससे हमें इस समस्या से छुटकारा पाने में मदद मिल सके।''

जयशंकर ने इस्लामाबाद में नई सरकार को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत अब आतंकवाद को नजरअंदाज करने के कतई पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरे पास (इस समस्या का) कोई त्वरित समाधान नहीं है। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि भारत अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। हमारी एक समस्या है और हमें इस समस्या का सामना करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने चाहिए।'' जयशंकर ने कहा, ''भारत का रुख अब आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं है।''

पड़ोसी देश के आतंकवादी समूहों द्वारा 2016 में पठानकोट वायु सेना अड्डे पर हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गये थे।

फरवरी, 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे।

## इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का द्वि-राष्ट्र समाधान होना चाहिए : जयशंकर

**सिंगापुर/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मौजूदा इजराइल-फलस्तीन संघर्ष का हल निकालने के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान की बात को शनिवार को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का स्थायी हल निकालने के लिए प्रयास जारी हैं। जयशंकर ने हालांकि इन प्रयासों के बारे में बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इसके बारे में सार्वजनिक रूप से नहीं बोल सकते। उन्होंने कहा, लेकिन हम (भारत) उन कुछ देशों के प्रयासों का बहुत समर्थन करते हैं जो वर्तमान स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए अभी काम कर रहे हैं।''

जयशंकर से पूछा गया था कि इजराइल और फलस्तीन की स्थिति के बारे में उनकी क्या राय है और इसका क्या समाधान हो सकता है। जयशंकर ने कहा कि भारत की स्थिति इस संबंध में बहुत स्पष्ट है कि सात अक्टूबर (पिछले साल) को जो हुआ वह ''आतंकवाद'' था। इजराइल की प्रतिक्रिया के संबंध में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि भारत की राय है कि ''(किसी भी प्रतिक्रिया के मामले में) नागरिकों के हताहत होने के बारे में ध्यान रखना होगा; अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''हम आज ऐसी स्थिति में हैं जहां नागरिकों को स्थायी आधार पर मानवीय सहायता पहुंचाने का एक तरीका खोजने की आवश्यकता है।'' जयशंकर ने कहा, ''हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है कि हमें द्वि-राष्ट्र समाधान ढूंढना होगा।''

## रूस और अमेरिका के साथ भारत के संबंध संतुलन स्थापित करने की नीति पर आधारित है

सिंगापुर/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूस और अमेरिका के साथ भारत के संबंध विभिन्न तरीकों से संतुलन स्थापित करने की नीति पर आधारित है और भारत की मजबूत गुट निरपेक्ष संस्कृति के कारण इनमें से प्रत्येक के साथ गैर विशिष्ट आधार पर व्यवहार करने से यह संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका के साथ भारत के संबंध विभिन्न तरीकों से संतुलन स्थापित करने की नीति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इनमें से प्रत्येक के साथ गैर विशिष्ट आधार पर व्यवहार करने से यह संभव हो सका है। उनसे पूछा गया था कि भारत रूस और अमेरिका दोनों के साथ अपने संबंधों को लेकर कैसे संतुलन बना पाता है।

जयशंकर ने रूस और अमेरिका के साथ भारत के संबंधों की तुलना इजराइल और फलस्तीन के साथ भारत के संबंधों से की और उन्होंने गैर-विशिष्ट आधार पर देशों के साथ व्यवहार करने का उल्लेख किया।

## जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को 'बेतुका' बताकर खारिज किया

सिंगापुर/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को शनिवार को 'बेतुका' करार देते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह सीमांत राज्य ''भारत का स्वाभाविक हिस्सा'' है। अरुणाचल पर चीन द्वारा अक्सर किए जाने वाले दावे और राज्य का भारतीय राजनीतिक नेताओं द्वारा किए जाने वाले दौरे का चीन के विरोध करने पर संभवत: अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। उन्होंने यहां नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा, यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने दावा किया है, इसने अपने दावे को दोहराया है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके बने हुए हैं।

जयशंकर तीन दिन के दौरे पर यहां हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अरुणाचल प्रदेश ''भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा'' है। उन्होंने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि हम इस पर बहुत स्पष्ट रहे हैं और हमारा एकसमान रुख रहा है। और मुझे लगता है कि आप जानते हैं कि यह ऐसी चीज है, जो वर्तमान में जारी सीमा वार्ता का हिस्सा है।

## फर्स्ट टेक

### तमिलनाडु पुलिस का जवान बांग्लादेश में 'हिरासत' में लिया गया

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के एक विशेष पुलिस उप-निरीक्षक अवैध रूप से बांग्लादेश में कथित तौर पर घुस गए और उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने एक अपुष्ट ''सूचना' का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि लगभग 47 वर्षीय जॉन सेल्वराज तांबरम आयुक्तालय के तहत सेलाइयुर पुलिस थाने में कार्यरत हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले चिकित्सा अवकाश लिया था। उन्होंने कहा कि उनके किसी खास स्थान पर जाने की जानकारी पुलिस विभाग को नहीं थी। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमें अभी तक सक्षम एजेंसियों से आधिकारिक रिपोर्ट नहीं मिली है; हमें केवल अनाधिकारिक जानकारी मिली है, जिसमें दावा किया गया है कि वह बांग्लादेश में घुस गये हैं और अधिकारियों ने उन्हें वहां हिरासत में ले लिया है।''

### पाकिस्तान ने संरा सुरक्षा परिषद की गैर स्थायी सीट के लिए कवायद शुरू की

**न्यूयॉर्क/भाषा।** पाकिस्तान ने 2025 से 2026 तक दो साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक गैर-स्थायी सीट हासिल करने के लिए कवायद शुरू कर दी है। यह जानकारी शनिवार को मीडिया की एक खबर से मिली। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' समाचारपत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सुरक्षा परिषद के उद्देश्य में'' सार्थक योगदान देने का वादा किया है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत मुनीर अकरम ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान दिवस समारोह के सिलसिले में आयोजित एक स्वागत समारोह में नकदी संकट से जूझ रहे देश की उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा की।

सूर्यास्त 24-03-2024 6:30 बजे | सूर्योदय 25-03-2024 6:20 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,831.94 | 22,096.75 |
| (+190.75) | (+84.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,807 रु. | 76,466 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/एजेन्सी।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। धनखड़ ने शनिवार को यहां कहा कि मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला बनना चाहिए और छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार नहीं बनना चाहिए।

एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा कि नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। धनखड़ ने 'एनडीटीवी इंडिया ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2023-24' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सकारात्मक प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और प्रभाव को पहचानने में विफल रहे।

मीडिया की विश्वसनीयता और स्व-नियमन के मुद्दों पर धनखड़ ने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता वस्तुनिष्ठ होने और राजनीति में शामिल न होने से पूरी तरह उसी पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया अपनी अंतरात्मा का ख्याल रखेगा तो वह देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा।

## तीसरी से छठी कक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम होगा : सीबीएसई

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी से छठी कक्षा को लेकर नया पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें जारी करेगी। अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं होगा। सीबीएसई के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संबद्ध स्कूलों को भेजे एक पत्र में कहा कि एनसीईआरटी ने उसे सूचित किया है कि तीसरी से छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों पर काम हो रहा है और जल्द ही ये जारी की जाएंगी। सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) जोसेफ इमैनुएल ने कहा, स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर तीसरी से छठी कक्षा के लिए इन नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों को अपनाएं। उन्होंने पत्र में कहा, छठी कक्षा के लिए ब्रिज कोर्स और तीसरी कक्षा के लिए संक्षिप्त दिशानिर्देश एनसीईआरटी द्वारा तैयार कर रही है



## युद्धपोत आईएनएस कोलकाता 35 जलदस्यु को लेकर सोमालिया तट से मुंबई पहुंचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सोमालिया तट के पास एक अभियान में पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। नौसेना ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि यहां लाने के बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह कार्रवाई 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई, जिसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

नौसेना ने कहा, आईएनएस कोलकाता पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर 23 मार्च को मुंबई पहुंचा। भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती-रोधी अधिनियम, 2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए समुद्री लुटेरों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

उसने कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर 15 मार्च की सुबह शुरू हुए 40 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान आईएनएस कोलकाता ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों के जहाज 'एक्स-एमवी रुएन' को रोका।

नौसेना ने कहा कि जहाज 'एक्स-एमवी रुएन' का इस्तेमाल समुद्र क्षेत्र में लूटपाट करने और वाणिज्यिक पोतों को बंधक बनाने के लिए किया जा रहा था।

# मॉस्को आतंकवादी हमले में अब तक 143 की मौत

**इस्लामिक स्टेट ने मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**मॉस्को/वार्ता/शिन्हुआ।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल - मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाये गये थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था।

रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे।

समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

मॉस्को के बाहर क्रोकस सिटी हॉल के कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है।

## पुतिन का दावा : मॉस्को के कंसर्ट हॉल में हुए घातक हमले से यूक्रेन का संबंध



**मॉस्को/एपी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि पूरे देश में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित एक कंसर्ट हॉल पर हुए हमले के तार यूक्रेन से जुड़े हैं। पुतिन ने कहा कि हमले में सीधे तौर पर शामिल सभी चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है और बताया गया है कि वे भागने के दौरान सीमा पार कर यूक्रेन में घुसने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने उस दावे के लिए कोई सबूत उपलब्ध नहीं कराया है। पुतिन ने रविवार को राष्ट्रव्यापी शोक दिवस मनाये जाने की घोषणा की है। यह हमला रूस में काफी वर्षों में सबसे घातक था और इसने कंसर्ट हॉल को सुलगता हुआ खंडहर बना दिया।

न्याय दिलाने के लिए

## पाकिस्तान में भगत सिंह का मुकदमा दोबारा शुरू करने की मांग

लाहौर/भाषा। अविभाजित भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों- भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव- की 93वीं बरसी पर यहां शनिवार को उनके समर्थकों और अनुयायियों ने उन्हें न्याय सुनिश्चित करने के लिए उनका मुकदमा उसी तरह फिर से शुरू करने की मांग की, जैसा पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के मामले में किया गया। ब्रिटिश शासकों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को हुकूमत के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाने के बाद 23 मार्च, 1931 को यहां शादमान चौक पर फांसी दे दी थी। भगत सिंह को शुरू में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी, लेकिन बाद में एक और मनगढ़ंत मामले में मौत की सजा सुनाई गई। उन्हें पूरे उपमहाद्वीप में न केवल सिख और हिन्दू, बल्कि मुसलमान भी सम्मान की नजर से देखते हैं।

## येडीयुरप्पा ने माधुस्वामी के साथ विवाद सुलझाया

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता बीएस येडीयुरप्पा ने पूर्व मंत्री जे सी माधुस्वामी के साथ विवाद को सुलझा लिया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। येडीयुरप्पा ने पूर्व विधायक जयराम के फार्महाउस पर माधुस्वामी से मुलाकात की और एक घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत की। उन्होंने मधुस्वामी को स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी कोई भागीदारी नहीं है, क्योंकि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उम्मीदवारों का नाम तय किया गया है। येडीयुरप्पा ने कहा, मैंने मधुस्वामी को स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों के चयन में मेरी कोई भूमिका नहीं है और पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ने टिकटों का फैसला लिया है।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### निशानेबाज

दूजों का घर चले फूंकने,
खुद का हाथ जला बैठे।
छलने चले दूसरों को जो,
किस्मत स्वयं छला बैठे।
आँच नहीं जिनके चूल्हे में,
अपनी दाल गला बैठे।
जिनके नहीं निशाने पक्के,
वे भी तीर चला बैठे।।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आजकल भारत के विश्वगुरु होने की चर्चा किसी न किसी प्रकार से हर चर्चा का विषय बन ही जाती है। आप इसको कैसे देखते हैं, विश्वगुरु होने की विषयवस्तु क्या है?

**उत्तर:** जब हर चर्चा में कोई विषय अनायास चर्चा का विषय बन रहा है तो इतना तो स्पष्ट हो ही जाता है कि वह विषय लोगों कि अंत:चेतना में निरंतर चल रहा है। इसे ऐसे ही देखने के अतिरिक्त और कैसे देखा जाए और क्यों और किस तरह से देखा जाए ? या इसकी महत्ता कम क्यों की जाए? बल्कि और भी बढ़ाई क्यों ना जाए ? आपको इसे ऐसे देखने में संदेह क्यों है ? आपको अपने आप से पहले यही प्रश्न नहीं पूछना चाहिए क्या ? गुरु की विषय-वस्तु शिष्य है तो विश्वगुरु की विषयवस्तु वैश्विक शिष्य के सिवाय और क्या हो ही सकती है। बात बारीक है समझ पाएँ तो बस इतनी सी है कि संशय होने पर ही आत्मविनाश होता है जिज्ञासा तो संशय का नाश कर आत्मोद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है और निरंतर विषय वस्तु निर्धारित परिभाषित होती रहती है।

# हिमाचल में कांग्रेस के 6 बागी नेता समेत 9 पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए।

इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है।

ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ ''जन आक्रोश'' को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और इन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। होशियार सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा का हिस्सा होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में विकास कार्य रुक गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने राजमार्ग तथा रेल परियोजनाओं समेत राज्य के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए कई विकास कदमों का उल्लेख किया और कहा कि पूर्व विधायकों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व को मजबूत बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा।

# अमेजन इंडिया ने विक्रेता शुल्क संरचनाओं को संशोधित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है।

इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं। कंपनी ने कहा, ये संशोधन मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा।

इसके अलावा 1,000 रुपए से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपए की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत राष्ट्रीय ब्रांडों के रूप में विकसित होने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि ये बदलाव 'अमेजन डॉट इन' को भारत में बिक्री के लिए सबसे पसंदीदा बाजारों में से एक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### भाजपा ने निर्वाचन आयोग से

# पंजाब राज्य की आबकारी नीति की जांच कराने का आग्रह किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को भारत के निर्वाचन आयोग से राज्य की आबकारी नीति की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच का आदेश देने का आग्रह किया। भाजपा का दावा है कि पंजाब के लिए आबकारी नीति दिल्ली की तर्ज पर तैयार की गई है।

पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला, प्रदेश इकाई के पूर्व प्रमुख अश्वनी शर्मा और मनोरंजन कालिया, विधायक जंगी लाल महाजन, राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य हरजीत सिंह और प्रदेश महासचिव परमिंदर बराड़ शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्य की आबकारी नीति की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग की गई।

यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया था। जाखड़ ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पंजाब की आबकारी नीति दिल्ली की उस आबकारी नीति की तर्ज पर बनाई गई है, जिसके कारण केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा दो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मई 2022 में राज्य की आबकारी नीति तैयार करने के लिए दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ एक बैठक में भी शामिल हुए थे। सिसोदिया भी दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार हैं। जाखड़ ने कहा, हमने पंजाब की आबकारी नीति की ईडी से जांच कराने की मांग की है।

# 'जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यालय स्थापित करने के लिए अदालत से अनुमति मांगेंगे'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि अगर दिल्ली के उनके समकक्ष अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा जाता है, तो वे सरकार चलाने के वास्ते वहां उनका कार्यालय स्थापित करने के लिए अदालत से अनुमति मांगेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आप में केजरीवाल की जगह कोई नहीं ले सकता। यह पूछे जाने पर कि यदि केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है तो वह अपनी सरकार कैसे चलाएंगे, इसपर मान ने कहा, ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि सरकार जेल से नहीं चलाई जा सकती।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अदालत ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। भाजपा ने केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की है। मान ने कहा, कानून कहता है कि वह दोषी पाए जाने तक जेल से काम कर सकते हैं। हम जेल में कार्यालय स्थापित करने के लिए उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय से अनुमति मांगेंगे और सरकार काम करेगी। उन्होंने कहा कि आप में केजरीवाल की जगह कोई नहीं ले सकता, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन से पार्टी बनाई है और वह इसके वरिष्ठ संस्थापक सदस्य हैं।

# भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी को लेकर जर्मनी के दूतावास के उप प्रमुख को किया तलब

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने शनिवार को यहां जर्मन दूतावास के उप प्रमुख को तलब किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी के विदेश मंत्रालय की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जर्मन दूत जॉर्ज एनजवीलर को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने तलब किया और बताया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय की टिप्पणी भारत की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप है। मंत्रालय ने कहा कि कोई भी 'पूर्वाग्रह वाली पूर्वधारणा' बिल्कुल अवांछित है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का संज्ञान लिया था। जर्मन अधिकारी ने कहा था, हमारा मानना है और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़े मानक और मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत भी इस मामले में लागू होंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, नई दिल्ली में जर्मनी के दूतावास के उप प्रमुख को आज तलब किया गया और हमारे आंतरिक मामलों पर उनके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा, हम इस तरह की टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमतर करने के रूप में देखते हैं।

जायसवाल ने कहा, भारत एक जीवंत और कानून का शासन वाला मजबूत लोकतंत्र है। जैसा कि देश में और लोकतांत्रिक दुनिया में अन्य जगहों पर सभी कानूनी मामलों में होता है, कानून इस मामले में अपना काम करेगा। इस बारे में पूर्वाग्रह वाली पूर्वधारणाएं बिल्कुल अवांछित हैं।

# सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया।

इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है।

भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। देश अपनी तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत से अधिक आयात के जरिए पूरा करता है।

भारत ने आपूर्ति में किसी भी व्यवधान से निपटने के लिए बीमा के रूप में 53.3 लाख टन तेल जमा करने के लिए तीन स्थानों पर रणनीतिक भंडार बनाया है।

# रियलमी इंडिया के लिए उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण बाजार: कंपनी अधिकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** रियलमी इंडिया के लिए उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है और यहां के ग्राहकों की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। रियलमी इंडिया के महाप्रबंधक प्रतीक राय चौधरी ने यह बात कही। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के नाते हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे पास नारजो ब्रांड के 1.6 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और इनकी संख्या विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में काफी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों का रियलमी के साथ मजबूत रिश्ता है।

चौधरी शुक्रवार को रियलमी नारजो 70 प्रो 5जी की पेशकश के मौके पर लखनऊ में थे। उन्होंने कहा, हम सावधानी से विस्तार कर रहे हैं। हम अलग-अलग उत्पाद पेश करके और बाद में उन्हें उचित सर्विस नहीं देकर, बाजार को अव्यवस्थित नहीं करना चाहते हैं। पूरे भारत में 532 शहरों में कंपनी के 700 सर्विस सेंटर हैं और 50,000 से अधिक स्टोर पर कंपनी के मोबाइल फोन उपलब्ध हैं।

# गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से वापस भारत लाया गया, मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/नई दिल्ली/भाषा।** हत्या, जबरन वसूली और अपहरण सहित कई गंभीर मामलों में वांछित गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात चीन से निर्वासन के बाद भारत वापस लाया गया। भारत लाए जाने पर मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर पुजारी उर्फ सुभाष विट्ठल पुजारी उर्फ सिद्धार्थ शेट्टी उर्फ सिद्धू उर्फ सिद्ध उर्फ जॉनी गैंगस्टर कुमार पिल्लई और छोटा राजन के गिरोह का पूर्व सदस्य है। वह चीन में रह रहा था और पिछले साल उसे वहीं गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा लगातार उसे देश वापस लाने की कोशिश कर रही थी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एजेंसी ने 14 फरवरी 2012 को इंटरपोल से पुजारी के खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया और चीन से उसे वापस भारत लाने के लिए मुंबई पुलिस और विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर उनकी सहायता की। रेड कॉर्नर नोटिस सभी इंटरपोल सदस्य देशों को फरार आरोपी के बारे में सचेत करता है और ऐसे व्यक्ति को उनके अधिकार क्षेत्र में देखे जाने पर हिरासत में लिया जाना चाहिए। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि पुजारी मुंबई में कथित तौर पर गोलीबारी, जबरन वसूली और हत्या सहित आठ गंभीर मामलों में वांछित है। वह विक्रोली के टैगोर नगर का निवासी है और सालों पहले विदेश भाग गया था।

# सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में कहा, प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक लगाए गए प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। डीजीएफटी, वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है, जो निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों पर फैसले करती है। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। रबी सत्र, 2023 में प्याज का उत्पादन 2.27 करोड़ टन रहने का अनुमान है। अंतर-मंत्रालयी समूह से मंजूरी मिलने के बाद मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति कुछ विशेष मामलों में दी जाती है। सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. के जरिए संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। केंद्र ने अक्टूबर 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजारों में 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर प्याज स्टॉक की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था।

# भारत के पास समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक, सुरक्षा ढांचा: वाणिज्य मंत्रालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं।

यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है। मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

# विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विश्वविद्यालयों में सहकारी समितियां बनाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देश भर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।

# सेना ने जम्मू कश्मीर में राजनीतिक दलों के विरोध के बाद यूसीसी पर संगोष्ठी रद्द की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** सेना ने जम्मू कश्मीर के राजनीतिक दलों के विरोध के बाद शनिवार को यहां प्रस्तावित संगोष्ठी रद्द कर दी। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समान नागरिक संहिता और अन्य विषयों के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

सेना ने शुक्रवार देर रात मीडिया घरानों को 'नेवीगेटिंग लीगल फ्रंटियर्स: अंडरस्टैंडिंग इंडियन पीनल कोड 2023 एंड द क्रेस्ट फॉर यूनीफार्म सिविल कोड' विषय पर एक संगोष्ठी का निमंत्रण भेजा था। संगोष्ठी 26 मार्च को कश्मीर विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित की जानी थी। हालांकि, क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया जतायी गई। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर जैसे 'संवेदनशील' स्थान पर समान नागरिक संहिता जैसे 'विभाजनकारी' मुद्दे में सेना के शामिल होने पर सवाल उठाया। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पोस्ट किया, क्या भारतीय सेना के लिए समान नागरिक संहिता के विभाजनकारी मुद्दे में शामिल होना उचित है और वह भी कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में? एक कारण है कि भारतीय सेना गैर राजनीतिक और गैर धार्मिक रही है। यह गलत सलाह वाला यूसीसी सेमिनार इन दोनों बुनियादी सिद्धांतों के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी पर आगे बढ़ने से सेना पर राजनीति के दलदल में शामिल होने के साथ-साथ धार्मिक मामलों में 'हस्तक्षेप' के आरोप लगने का खतरा है। नेशनल कान्फ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से मांग की कि वह सेना द्वारा ऐसे मुद्दे पर चर्चा के 'औचित्य का आकलन' करे, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र में प्रमुखता से शामिल है, जबकि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भी संगोष्ठी आयोजित करने के लिए सेना की आलोचना की। पीडीपी प्रवक्ता नजमुस साकिब ने कहा, हम जो देख रहे हैं वह 'नया कश्मीर' और आखिर कब तक अभियानों की प्रवृत्ति की निरंतरता है जिसमें सेना को एक संस्था के रूप में पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाते हुए और सीधे जम्मू कश्मीर के राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप करते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा, प्रतिक्रिया के बाद, हमने कुछ प्रणालीगत बदलाव देखे थे।

# दिल्ली शराब 'घोटाले' से प्राप्त आय की हेराफेरी और इस्तेमाल में कविता का भतीजा शामिल : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार के लिए आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का एक भतीजा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गैर-कानूनी रकम या अपराध से अर्जित आय को इधर-उधर करने में 'शामिल' है। केंद्रीय एजेंसी ने यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा को सूचित किया कि उसने इस मामले में पिछले सप्ताह कविता से पूछताछ के दौरान उनके रिश्तेदार मेका श्री सरन की भूमिका सामने आने के बाद शनिवार को उनके (सरन के) परिसरों की तलाशी ली।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 46-वर्षीया बेटी कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था और शनिवार को उनकी हिरासत बढ़ाने के लिए उन्हें अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने कविता को 26 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। कविता ने अदालत में अपनी पेशी के दौरान संवाददाताओं से कहा कि यह एक फर्जी और झूठा मामला है... हम लड़ रहे हैं। चुनाव के दौरान इतने सारे नेताओं को गिरफ्तार करना गलत बात है और निर्वाचन आयोग को हस्तक्षेप करना चाहिए तथा देश में लोकतंत्र की रक्षा करनी चाहिए।

ईडी और दिल्ली पुलिस कर्मियों के सुरक्षा घेरे के बीच उन्होंने कहा, लोगों को यह भी सोचना चाहिए कि चुनाव के दौरान इतने सारे नेताओं को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है। एजेंसी ने कविता की हिरासत अवधि बढ़ाए जाने के अनुरोध संबंधी अपने दस्तावेज के हवाले से अदालत को बताया कि उसने 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स में बीआरएस नेता कविता के घर पर तलाशी के दौरान सरन का एक मोबाइल उपकरण जब्त किया था। ईडी ने अदालत को सूचित किया कि सरन को पूछताछ के लिए दो बार बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित होने में विफल रहे। एजेंसी ने कहा कि पिछले सात दिनों में जांच के दौरान यह पाया गया कि सरन इंडो स्पिरिट्स से अपराध की आय के हस्तांतरण/उपयोग में शामिल था। ईडी ने कहा, चूंकि इस मामले की जांच के लिए प्रासंगिक जानकारी सरन के पास उपलब्ध है और वह जांच एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में 23 मार्च को पीएमएलए की धारा 17 के तहत उनके परिसरों पर छापेमारी की जा रही है।



# कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर पीएम मोदी की लहर : विजयेन्द्र

## भारत को विकसित बनाने और भारत को जिताने का चुनाव है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा है कि राज्य की सभी 28 संसदीय सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर है। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर विद्रोह का जिक्र करते हुए कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता जानते हैं कि हार निश्चित है और जीतने की हताशा में वे अपने मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतारने का व्यर्थ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस बात का एहसास हो गया है कि पूरे प्रदेश में बीजेपी की लहर है।

उन्होंने कहा, भाजपा और जद (एस) कैडर मिलकर हमारे उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। जद (एस) के साथ सीट बंटवारे पर मतभेद को लेकर उन्होंने कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी। विजयेंद्र ने कहा, इस समय हमारे सामने दो लक्ष्य हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है और उसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी आलाकमान ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सभी सुविधाओं से युक्त एक मीडिया सेंटर खोला है और राष्ट्रीय नेता वहां से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

विजयेंद्र ने कहा, पीएम मोदी को वापस लाना सिर्फ बीजेपी कार्यकर्ताओं का काम नहीं है, यह लोगों की आकांक्षा बन गई है। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासन के बाद पीएम की लोकप्रियता और बढ़ गई है। देश के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। इससे पता चलता है कि केंद्र द्वारा शुरू की गई योजनाएं हर घर तक पहुंच गई हैं।

राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने के आरोप पर विजयेंद्र ने कहा, वह विधानसभा चुनाव के लिए वरुणा सीट से लड़ने के लिए तैयार थे लेकिन भाजपा आलाकमान सहमत नहीं हुआ। जब बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री थे, तब मुझे एमएलसी बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन तब भी आलाकमान ने सहमति नहीं दी थी। मैं फैसले से सहमत था। अब, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया है कि मुझे राज्य प्रमुख का पद क्यों दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा में कोई परिवारवाद नहीं है। यह कहने में कोई दिक्कत नहीं है। विजयेंद्र ने कहा, चाहे कुछ भी हो, पीएम मोदी की लोकप्रियता के कारण कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी।

2024 का यह लोकसभा चुनाव 'विकसित भारत का निर्माण और भारत को जिताने' का चुनाव है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने राज्य चुनाव समिति से एक जिम्मेदार भूमिका निभाने और सबसे सक्रिय प्रबंधन के माध्यम से चुनाव में शानदार जीत हासिल करने का आह्वान किया।

वे शनिवार को पैलेस मैदान के वृक्षा हॉल में आयोजित राज्य चुनाव प्रबंधन समिति की राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक, भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक वी. सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव प्रीतम गौड़ा, पी. राजीव, विधान परिषद सदस्य श्रीमती भारती शेट्टी, केशव प्रसाद, पार्टी पदाधिकारी, नेता और चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा है कि राज्य की सभी 28 संसदीय सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर है। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर भाजपा के भीतर विद्रोह का जिक्र करते हुए कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए, कर्नाटक भाजपा प्रमुख विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता जानते हैं कि हार निश्चित है और जीतने की हताशा में वे अपने मंत्रियों को लोकसभा चुनाव में उतारने का व्यर्थ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस बात का एहसास हो गया है कि पूरे प्रदेश में बीजेपी की लहर है।

उन्होंने कहा, भाजपा और जद (एस) कैडर मिलकर हमारे उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। जद (एस) के साथ सीट बंटवारे पर मतभेद को लेकर उन्होंने कहा, सब कुछ ठीक हो जाएगा। सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी। विजयेंद्र ने कहा, इस समय हमारे सामने दो लक्ष्य हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है और उसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी आलाकमान ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सभी सुविधाओं से युक्त एक मीडिया सेंटर खोला है और राष्ट्रीय नेता वहां से प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

विजयेंद्र ने कहा, पीएम मोदी को वापस लाना सिर्फ बीजेपी कार्यकर्ताओं का काम नहीं है, यह लोगों की आकांक्षा बन गई है। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासन के बाद पीएम की लोकप्रियता और बढ़ गई है। देश के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। इससे पता चलता है कि केंद्र द्वारा शुरू की गई योजनाएं हर घर तक पहुंच गई हैं।

राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने के आरोप पर विजयेंद्र ने कहा, वह विधानसभा चुनाव के लिए वरुणा सीट से लड़ने के लिए तैयार थे लेकिन भाजपा आलाकमान सहमत नहीं हुआ। जब बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री थे, तब मुझे एमएलसी बनाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन तब भी आलाकमान ने सहमति नहीं दी थी। मैं फैसले से सहमत था। अब, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया है कि मुझे राज्य प्रमुख का पद क्यों दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा में कोई परिवारवाद नहीं है। यह कहने में कोई दिक्कत नहीं है। विजयेंद्र ने कहा, चाहे कुछ भी हो, पीएम मोदी की लोकप्रियता के कारण कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी।

2024 का यह लोकसभा चुनाव 'विकसित भारत का निर्माण और भारत को जिताने' का चुनाव है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने राज्य चुनाव समिति से एक जिम्मेदार भूमिका निभाने और सबसे सक्रिय प्रबंधन के माध्यम से चुनाव में शानदार जीत हासिल करने का आह्वान किया।

वे शनिवार को पैलेस मैदान के वृक्षा हॉल में आयोजित राज्य चुनाव प्रबंधन समिति की राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक, भाजपा के प्रदेश महासचिव एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक वी. सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव प्रीतम गौड़ा, पी. राजीव, विधान परिषद सदस्य श्रीमती भारती शेट्टी, केशव प्रसाद, पार्टी पदाधिकारी, नेता और चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने कर्नाटक में बनाए पांच कार्यकारी अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस ने कर्नाटक के लिए पांच कार्यकारी अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए हैं।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन सभी नियुक्तियों को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेता तनवीर सैव, जीसी चंद्रशेखर, विनय कुलकर्णी, मंजुनाथ भंडारी तथा वसंत कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। वेणुगोपाल ने बताया कि श्री विनय कुमार सोरका को चेयरमैन, डॉ एल हनुमंथा को सह अध्यक्ष और रिजवान अर्शद को वाईस चेयरमेन नियुक्त किया गया है।



## 'मूल्य वृद्धि और मुद्रास्फीति के दर्द को कम करने के लिए गारंटी योजनाएं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि गारंटी योजनाओं ने लोगों पर मूल्य वृद्धि और मुद्रास्फीति का बोझ कम कर दिया है। गारंटी योजना कार्यान्वयन बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा, मूल्य वृद्धि और मुद्रास्फीति के कारण लोगों की दुर्दशा को देखते हुए हमने गारंटी योजनाएं शुरू कीं। गारंटी योजनाएं हर महीने राज्य में 6.6 करोड़ से अधिक लोगों को मदद करती हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के दौरान, पेट्रोल की कीमत 70 रुपये से बढ़कर 100 रुपये हो गई और रसोई गैस की कीमत 400 रुपये से बढ़कर 1100 रुपये हो गई। खाना पकाने के तेल की कीमत 200 रुपये को पार कर गई। इस बोझ को कम करने के लिए, हमने शुरुआत की गृहलक्ष्मी योजना, जिससे 1.33 करोड़ महिलाओं को लाभ मिल रहा है। गृहज्योति योजना से 1.5 करोड़ परिवारों को लाभ हो रहा है। अन्न भाग्य 5 किलोग्राम चावल और अन्य 5 किलोग्राम के बदले पैसे दे रहा है। शक्ति महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा दे रही है और बेरोजगार युवाओं को 'युवानिधि' की द्वारा हजारों की मदद कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक गरीब परिवार को प्रति माह 5000 से 6000 रुपये का लाभ मिल रहा है। इसके द्वारा हम लोगों के हाथों में पैसा दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा लोगों के हाथों में पैसा देने में विश्वास करती है। हमने इसके लिए 56000 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि गारंटी योजनाएं सीधे लोगों तक जाएंगी। एआईसीसी नेताओं ने भी पांच न्याय योजनाओं की घोषणा की है। महिला न्याय योजनाओं में, घर की महिला मुखिया को प्रति वर्ष एक लाख रुपये मिलेंगे। इसके तहत महिलाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी मिलेगा। आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी का वेतन श्रमिकों को दोगुना कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम कानूनी रूप से बाध्य एमएसपी भी प्रदान करेंगे, कृषि उपज के लिए जीएसटी हटाएंगे, कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना करेंगे, असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। हमारी पार्टी ने 25 गारंटी योजनाओं की घोषणा की है।



## 'इंडि' गठबंधन में कोई नेता नहीं : आर अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हाल ही में हुए चार राज्यों के चुनाव सेमीफाइनल में हमने 3 राज्यों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। सेमीफाइनल में कांग्रेस हार गई। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि हम भी फाइनल में पहुंच गये हैं।

शनिवार को य हां होटल जी.एम. रेजॉयज में भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 मीडिया सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से बात कर रहे थे। विपक्ष के इंडि गठबंधन से लैस नीतीश कुमार वहां खुद हथियारबंद होकर हमारे साथ आये। आज गठबंधन नेतृत्वहीन और दिशा हीन है। लोकसभा रूपी चुनावी अखाड़ा तैयार हो चुका है। हमारे कैप्टन नरेन्द्र मोदी का बनना तय है। वहीं इंडि गठबंधन को लेकर जनता भी परेशान है। उनका कप्तान कौन होगा यह अभी तक तय नहीं हो पाया है।

आज लोगों की भावनाओं को देखते हुए अपील से लोकप्रिय मोदी जीतने जा रहे हैं।' कर्नाटक में भाजपा के प्रति अच्छी लहर है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 10 महीनों में 10 गलतियां और 10 भ्रष्टाचार किए हैं। मंड्या में हनुमान ध्वजा उतारकर हिन्दुओं की भावनाओं से खेलने का काम किया है। उन्होंने हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। विधानसभा जैसी जगह पर पाकिस्तान समर्थन में नारेबाजी क्या साबित करना चाहती है कांग्रेस राज्य में। मीडिया सेन्टर को लेकर अशोक ने कहा कि जब चुनाव आता है तो प्रचार की जरूरत पड़ती है. इसी तरह फर्जी खबरों पर स्पष्टीकरण देना भी पार्टी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ये दोनों एक ही जगह पर किए जाएंगे. भाजपा ने लगातार मीडिया फ्रेंडली होने का काम किया है। हर चुनाव के मौके पर इस तरह का मीडिया सेंटर खोला जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे मीडिया को मदद मिलेगी।



शनिवार को बेंगलूरु में गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन बैठक में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया। साथ में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एवं अन्य।र

# सूखे से निपटने के लिए एनडीआरएफ अनुदान जारी करने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय गई कर्नाटक सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्र को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत राज्य को तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने की मांग की है, जो गंभीर सूखे से जूझ रहा है। उन्होंने केंद्र पर, गंभीर सूखा होने के बावजूद फंड जारी करने की कर्नाटक की दलीलों की ओर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर है।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय टीम की रिपोर्ट के बावजूद जब केन्द्र सरकार ने हमें कोई जवाब नहीं दिया तो राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा दिल्ली गए लेकिन केन्द्रीय मंत्री से मिलने का मौका नहीं दिया गया। फिर 20 दिसम्बर को मैं और कृष्ण बायरे गौड़ा फिर दिल्ली गए और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अनुरोध किया हालांकि, हमें मुआवजा नहीं दिया गया। जब हाल ही में प्रधानमंत्री बेंगलूरु आए तो मैंने व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनसे इस संदर्भ में समाधान करने की बात कही। परन्तु अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

सिद्दरामैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'पांच महीने के इंतजार के बाद आज कर्नाटक सरकार ने केंद्र के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की है। चूंकि उच्चतम न्यायालय में एक हफ्ते की छुट्टी है, इसलिए हमें समर्थन नहीं मिला। हमें अगले सप्ताह इसकी उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि याचिका भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत भारत सरकार को एनडीआर फंड तुरंत जारी करने का निर्देश देने के लिए दायर की गई है, जिसे कानून के अनुसार केंद्र द्वारा जारी किया जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि हमने राज्य के 236 तालुकों में से 223 में सूखा घोषित कर दिया है। हमने चार बार मूल्यांकन किया। 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि फसलें बर्बाद हो गई हैं। हमने केंद्र को लगातार तीन ज्ञापन भेजे, लेकिन अब तक एक पैसा भी नहीं मिला।



## कांग्रेस जब भी सत्ता में आई, उसने सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ काम किया : लक्ष्मी हेब्बालकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

खानापुर। जब भी कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है, उसने किसानों के पक्ष में, युवाओं के पक्ष में अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री



लक्ष्मी हेब्बालकर ने कहा कि सभी के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। शनिवार को खानापुर के शनाया हॉल में आयोजित कार्यकर्ताओं की प्रारंभिक बैठक में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी जनता को धोखा नहीं दिया है. भावनाओं से नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा कि इस बार भी उन्होंने पांचों गारंटी लागू कर लोगों को शांतिपूर्ण जीवन देने का प्रयास किया है।

हेब्बालकर ने आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कुशल प्रशासन के लिए जानी जाने वाली नेता अंजलि निंबालकर का समर्थन करने की अपील की।

पिछले कार्यकाल में जब डॉ. अंजलि निंबालकर खानापुर से विधायक थीं, तब वे विधानसभा सत्र में स्थानीय मुद्दे उठाती थीं। उन्होंने कहा कि यही आवाज दिल्ली में भी सुनाई देनी चाहिए यानी अंजलि निंबालकर का समर्थन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन तीन निर्वाचन क्षेत्रों (बेलगावी, चिक्कोडी, उत्तर कन्नड़) का चुनाव जिला प्रभारी मंत्री सतीश जारकीहोली के नेतृत्व में होगा। मैंने अपना राजनीतिक जीवन 1999 में खानापुर में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरू किया था। उन्होंने कहा कि खानापुर मेरी राजनीति की जन्म भूमि है।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली, खानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, कनारा क्षेत्र से उम्मीदवार अंजलि निंबालकर, विधान परिषद सदस्य चन्नराज हत्तीहोली, विधायक आसिफ सेठ आदि उपस्थित थे।



## ॥ होलिका दहन का मुहूर्त ॥

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शास्त्रों में विधान है कि प्रदोष काल में लगने वाली पूर्णिमा तिथि को भद्रा रहित काल में होलिका दहन किया जाता है। इसलिए इस बार होली का पर्व 24 मार्च को मनाया जाएगा और अगले दिन 25 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया जाएगा। 24 मार्च को भद्रा प्रारंभ सुबह 9 बजकर 57 मिनट से हो रही है, जो रात्रि 11 बजकर 15 मिनट तक रहेगी। इसके बाद रात्रि 11 बजकर 15 मिनिट से 12 बजकर 25 मिनिट तक बुध-चन्द्र की होरा में होलिका दहन करना शुभ रहेगा।

पंडित जगदीश आचार्य
मोबाइल : 9448417398

### विधायक मुनिरत्ना का दावा

# चालीस विधायकों के साथ बीजेपी में शामिल होने को तैयार हैं शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के भाजपा विधायक मुनिरत्ना ने शनिवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार 40 कांग्रेस विधायकों के साथ भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि शिवकुमार भाजपा में शामिल होने



के लिए बेताब हैं और अगर पार्टी उनके लिए दरवाजा खोलती है तो वह दौड़ कर पार्टी में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा को यह अच्छी तरह पता है, लेकिन पार्टी फिर भी शिवकुमार के लिए दरवाजे नहीं खोलेगी।

विधायक मुनिरत्ना ने कहा, शिवकुमार एक तरफ दावा कर रहे हैं कि वो भाजपा नेताओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल करा रहे हैं। लेकिन, आश्चर्य इस बात का है वो खुद ही अपने समर्थकों के साथ हमारी पार्टी (भाजपा) में शामिल होना चाहते हैं। मुनिरत्ना ने कहा कि सरकार में उपमुख्यमंत्री के चार और पद बनाने की मांग की जा रही है। ऐसे में शिवकुमार सोचते हैं कि उनके लिए कांग्रेस में रहने से अच्छा भाजपा में शामिल हो जाना ही है।



### होली

पूरे देश में 24 मार्च को होलिका दहन होगा और 25 मार्च को होली खेली जाएगी। बेंगलूरु में पानी की कमी के चलते कई जगहों पर कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। फूलों से होली खेलने का कई जगह अनुरोध किया गया है। वहीं उत्तर कर्नाटक के बेलगावी में एक पिचकारी की दुकान पर अपनी पसंद की पिचकारी खरीदते हुए बच्चे।

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

गेल (इंडिया) लिमिटेड की प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के आरओयू में अतिक्रमण के बारे में सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा महाराष्ट्र क्षेत्र में प्राकृतिक गैस के वहन हेतु विविध प्रकार कि (क्रॉस कंट्री लाइन तथा स्पर लाइन) भूमिगत पाइपलाइनें बिछाई गई है। प्राकृतिक गैस के कई महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से करने हेतु इन पाइपलाइनों का सुरक्षात्मक प्रचालन तथा अनुरक्षण गेल कार्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। गेल कार्यालय क्षेत्र के अंतर्गत कर्नाटक राज्य के विभिन्न जिलों में बिछाई गई भूमिगत पाइपलाइनों का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।

| सं. | पाइपलाइन विवरण | जिले |
|---|---|---|
| 1 | एस वी-7(बोरगांव) से आईपी-4(कगदाला) एवं एस वी-1जी(अक्काथंगेरहल्ला) से एस वी-2जी (यमुनापुरा) | बेलगाम |
| 2 | एस वी-11 (शेलवाड़ी) एवं एस वी-1एच (शिरकोल) से एस वी-2एच(उनकल) | धारवाड़ |
| 3 | एस वी-12 (हिरेकोप्पा)से एस वी-13(डंबाल) | गदग |
| 4 | आईपी-5 (हुविना हाडागल्ली) | विजयनगर (होस्पेट) |
| 5 | एस वी-14(पृत्वेश्वरापुरा) से एस वी-15 (बसवानाकोट) | दावणगेरे |
| 6 | आईपी-6 (गुड्डादारंगवनाहल्ली) से एस वी-18 (करियाला) | चित्रदुर्गा |
| 7 | आईपी-7 (देवराहल्ली) से एस वी-19 (गोलाहल्ली) | तुमकुर |
| 8 | एस वी-20 (रामनाहल्ली) से एस वी-21 (मादागुंडनहल्ली) एवं आरटी-बिड़दी (बिड़दी) | रामनगरा |
| 9 | एस वी-22 (सुलीवरा) | बेंगलुरु |
| 10 | एस वी-1बी (बाईचगुप्पे, तावरेकेरे) से आरटी-सिंगसांदरा (होसुर रोड(एन एच -7), नागनन्तापुरा जंक्शन के पास, सिंगसान्द्रा) | बेंगलुरु शहरी क्षेत्र |

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने उपरोक्त पाइपलाइन बिछाने के लिए जरूरी भूमि उपयोगकर्ता के अधिकार (आरओयू) का अधिग्रहण **पेट्रोलियम तथा खनिज पाइपलाइन अधिनियम, 1962 (पी एंड एमपी एक्ट, 1962)** के तहत किया है। भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के उपरांत, भूमी मालिकों को कृषिकरण एवं फसलों की खेतीबारी हेतु भूमि वापस सौंप दी गई है। परंतु गेल द्वारा अधिग्रहित भूमि में पेट्रोलियम तथा खनिज पाइपलाइन अधिनियम, 1962 **(पी एंड एमपी एक्ट, 1962)** के तहत निम्नलिखित गतिविधियाँ प्रतिबंधितहै।

1. किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण (घर इत्यादि) तथा भूमि उत्खनन
2. कुआँ, जलाशय, बोर वेल, पानी का टैंक, बांध, डैम, कंपाऊंड वाल इत्यादि
3. वृक्षारोपण

गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रचालित यह भूमिगत पाइपलाइनें महाराष्ट्र राज्य में विभिन्न उद्योगों (नैचुरल गैस), घरेलु/वाणिज्यिक उपभोक्ताओं (पाईप्ड नैचुरल गैस) तथा निजी/सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र (कंप्रेस्ड नैचुरल गैस) को स्वच्छ ईंधन की आपूर्ति करती है। यह भूमिगत पाइपलाइनें देश तथा राज्य का विकास एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इन भूमिगत पाइपलाइनों के द्वारा वहन होनेवाला नैचुरल गैस अत्यधिक ज्वलनशील है। उपर्युक्त प्रतिबंधों के उल्लंघन से भूमिगत पाइपलाइनों को बाहरी नुकसान होने की संभावना है। उपर्युक्त गतिविधियाँ न केवल भूमिगत पाइपलाइन बल्कि स्थानीय आबादी की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं। सूचित किया जाता है कि **पेट्रोलियम तथा खनिज पाइपलाइन अधिनियम, 1962 (पी एंड एमपी एक्ट, 1962)** के अंतर्गत लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन दंडनीय अपराध है। तथा अधिनियम एवं कानून के प्रावधानों के अनुसार अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हम न केवल इन पाइपलाइनों, बल्कि स्थानीय आबादी की सुरक्षा में भी आपकी बहुमूल्य सहायता और सहयोग का समर्थन करते हैं। इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने तथा किसी भी पाइपलाइन के अधिग्रहित क्षेत्र में पाए गए अतिक्रमण एवं संभावित असुरक्षित गतिविधी के बारे मे सूचित करने के लिए कृपया इस पते पर संपर्क करें:

**बेलगाम कार्यालय:** गेल (इंडिया) लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम), एस वी-2जी (यमुनापुरा), बसवानाकोल रोड़, बसवाना मंदिर के पास, ककटी औद्योगिक क्षेत्र, ककटी, बेलगाम, कर्नाटक, पिन : 591113

**हुबली कार्यालय:** गेल (इंडिया) लिमिटेड, यूरेका जंकशन, दूसरी मंजिल, एसएफ-17/18, कोर्ट सर्किल के पास, टी बी रोड, हुबली, कर्नाटक, पिन : 580029

**चित्रदुर्गा कार्यालय:** गेल (इंडिया) लिमिटेड, एन एच-13 (मंगलोर सोलापुर रोड), जी आर हल्ली चित्रदुर्गा, कर्नाटक, पिन : 577502

**बिड़दी कार्यालय:** गैस रीसीविंग टर्मिनल, गेल (इंडिया) लिमिटेड, मै. केपीटीसीएल के पास, बिड़दी औद्योगिक क्षेत्र, बिड़दी, जिला: रामनगरा, कर्नाटक, पिन : 562109

**बेंगलुरु शहरी क्षेत्र कार्यालय:** गेल (इंडिया) लिमिटेड, एसवी-2बी पाइपलाइन रोड, बेगर्स कालोनी, प्रेम नगर, श्रीगंधकवालु, लगेरे, बीडब्लूएसएसबी पंप हाउस के बगल मे, बेंगलुरु, हेगनहल्ली, कर्नाटक, पिन : 560058

**टोल फ्री नंबर- 1800118430 एवं 15101**

Regd. Off.: 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi-110066 CIN: L40200DL1984GOI018976

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities Follow us on

# राजस्थान में युवक ने अपने पिता की हत्या कर शव घर में दफनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पिता की हत्या कर दी और उनके शव को अपने घर में दफना दिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के आधार पर यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मामला शुक्रवार को सामने आया जब आरोपी चुन्नी लाल ने कबूल किया कि दो दिन पहले उसकी पिता के साथ तीखी बहस हुई थी। इसके बाद उसने पिता के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि अपना अपराध छिपाने के लिए आरोपी ने शव को आंगन में दफना दिया। पुलिस ने बताया कि राजेंग बरंडा (60) के चार बेटे प्रकाश, चुन्नी लाल, दिनेश और पप्पू हैं, प्रकाश और उसकी मां काम के सिलसिले में अहमदाबाद में रहते हैं जबकि अन्य तीन डूंगरपुर के बलवाड़ा गांव में रहते हैं।

पुलिस ने कहा कि राजेंग चुन्नी लाल के साथ एक अलग घर में रहते थे।दिनेश और पप्पू ने प्रकाश को फोन किया और बताया कि उन्होंने पिता को पिछले दो दिनों से नहीं देखा है, तो प्रकाश और उसकी मां तुरंत अहमदाबाद से अपने गांव आ गए, पैतृक स्थान पहुंचकर उन सभी ने चुन्नी लाल से अपने पिता के बारे में पूछा। पुलिस के अनुसार पहले तो उसने झूठी कहानियां बनाईं, लेकिन बाद में पिता की हत्या करने की बात कबूल कर ली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शव को आंगन से निकालकर जिला अस्पताल की शवगृह में रखवाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है

## भजनलाल धुलंडी पर जनता संग खेलेंगे होली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (24 एवं 25 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और वह धुलंडी पर जनता के संग होली खेलेंगे।



इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि उमंग, उत्साह एवं रंगों का यह त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम, सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे सामाजिक बुराइयों एवं भेदभाव को मिटाने तथा समरसता बनाए रखने का संकल्प लें। शर्मा ने सभी लोगों से होली खेलने के दौरान प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और पानी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह भी किया। शर्मा 25 मार्च को धुलंडी के दिन ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली का त्यौहार मनाएंगे।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को यहां चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमानजी मंदिर में दर्शन किए। मिश्र ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने भगवान बजरंगबली से देश और प्रदेशवासियों की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

### उद्घाटन



केंद्रीय मंत्री व जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार को जाम्भा जाकर गुरु जम्भेश्वर मंदिर में जांभो जी महाराज के दर्शन किए। साथ ही फलोदी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया एवं कल्ला परिवार के होली स्नेह मिलन समारोह में फूलों की होली खेली।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने किया जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण, और कहा... अव्यवस्थाएं बर्दाश्त नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने शनिवार को जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पाई गई अव्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से सुधार करने तथा संबंधित अधिकारियों को नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए।

श्रीमती सिंह ने तकनीकी कारणों से अस्पताल में कुछ समय से बंद रात्रिकालीन ऑपरेशन थियेटर को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में रोगियों की संख्या के अनुरूप आईसीयू बैड्स की आवश्यकता का आकलन कर आईसीयू के विस्तार की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि जांच एवं उपचार में रोगियों को किसी तरह की परेशानी एवं विलंब नहीं हो, इसके लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं जांच मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित करें।



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अस्पताल में शौचालयों एवं साफ-सफाई की व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें अतिशीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई के लिए क्यूआर कोड सिस्टम शीघ्र शुरू किया जाए। मरम्मत, रंग-रोगन सहित अन्य आवश्यक प्रकृति के सिविल एवं इलेक्ट्रिक कार्य आरएमआरएस में उपलब्ध फण्ड के माध्यम से शीघ्र कराए जाएं। अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाए।

श्रीमती सिंह ने ओपीडी रजिस्टेऱ्रशन काउंटर, जांच लैब, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र, पोस्ट नेटल वार्ड, जननी वार्ड, गायनी वार्ड, ब्लड बैंक सहित समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया और इनको बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर भी चैक किए और कार्मिकों की उपस्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली। साथ ही, अस्पताल में चल रहे सिविल कार्यों को समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान रोगियों, परिजनों, चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों सहित अन्य कार्मिकों से संवाद कर अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. भारती मल्होत्रा, जनाना अस्पताल की अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा, उप निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. वंदना शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्थान में पहले चरण के मतदान के लिए नौ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अब तक नौ उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को कुल सात प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को गंगानगर, बीकानेर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर और दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1-1 प्रत्याशी ने अपने पर्चे दाखिल किए। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एक प्रत्याशी ने एक अतिरिक्त नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रथम चरण के मतदान के लिए 20 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी।

उन्होंने बताया कि इसे पहले नामांकन के पहले दिन बुधवार को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र लिए एक-एक प्रत्याशी ने अपने नामांकन पत्र पेश किये थे। उन्होंने बताया कि पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 23 मार्च, 24 मार्च एवं 25 मार्च को राजकीय अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि वहीं 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी जबकि 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण के तहत राजस्थान की 12 सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।



## सीपी जोशी का बतौर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एक साल पूरा; विवादों-गुटबाजी से दूर रहे, राजस्थान में सत्ता वापसी हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में सीपी जोशी का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया। चुप रहकर, बिना लाइम लाइट में आए काम करने के लिए पार्टी में चर्चित हुए जोशी तत्कालीन भाजपा में उस वक्त अध्यक्ष बनाए गए जब चुनाव के नौ माह बाकी थे। प्रदेश भाजपा में गुटबाजी तब अंदर खाने हावी थी। तब जोशी ब्राह्मण और निर्गुट चेहरे के रूप में लाए गए। विवादों से दूर रहे और गुटबाजी को समाप्त करने में काफी हद तक सफल भी रहे। सबको साथ लेकर चलने के फार्मूले पर काम किया। प्रदेश में एकाध पदाधिकारियों को छोड़कर चुनाव से पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों की टीम भी नहीं बदली। चुनाव में पार्टी की नीति को फोलो किया। पीएम नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पसंदीदा चेहरों में शामिल जोशी उनकी कसौटी पर खरे उतरे, जिसके चलते मोदी के दौरों-रोड शो में उनके साथ दिखे। उनके नेतृत्व में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़कर सत्ता में वापसी की। प्रदेश की नई टीम भी उन्होंने विधानसभा चुनावों के बाद ही बनाई। प्रदेश में भजन लाल सरकार बनने के बाद चर्चा थी कि प्रदेशाध्यक्ष का चेहरा बदला जाएगा, लेकिन केन्द्रीय नेतृत्व ने लोकसभा चुनावों में जीत कायम रखने का भरोसा दिखाकर बरकरार रखा।

## राजस्थान में गत एक मार्च से अब तक 226 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध सामग्री जब्त करने का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है और इस महीने में गत एक मार्च से अब तक 226 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की जा चुकी है। निर्वाचन विभाग के अनुसार गत 16 मार्च से चुनाव आदर्श आचार संहिता लगने के बाद राज्य में अब तक 129 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की गई हैं। गत एक मार्च से अब तक अवैध सामग्री वाले राजधानी जयपुर सहित सात जिले ऐसे है जहां दस करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की गई हैं।

इनमें सर्वाधिक जोधपुर जिले में 31.47 करोड, पाली में 17.12, जयपुर में 16.89, उदयपुर में 12.91 , भीलवाड़ा में 12.70, गंगानगर में 11.59 एवं बाडमेर जिले में 10.36 करोड़ की अवैध सामग्री बरामद की गई हैं। अब तक जब्त की गई अवैध सामग्री में राज्य की पुलिस ने 152 करोड़, आयकर विभाग ने 32 करोड़, आबकारी विभाग ने 3.3 करोड़ , स्टेट जीएसटी 20 करोड़, वन विभाग ने 1.9 करोड़ , सीमा शुल्क विभाग ने 4.65, सीजीएसटी 1,15, डीआरआई 3,04 एनसीबी 8,87 करोड़ एवं अन्य ने 0.50 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की। अवैध सामग्री में नकदी, नशीली दवा, शराब, कीमती धातु एवं अन्य सामग्री शामिल हैं।




## ताव खाने लगी गर्मी, बाड़मेर में दिन का तापमान 39 पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य में गर्मी धीरे-धीरे अपना असर दिखाने लगी है। बाड़मेर में शुक्रवार को दिन का तापमान 39.1 डिग्री दर्ज हुआ, जो राज्य का सर्वाधिक तापमान रहा। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। राजधानी जयपुर में दिन का तापमान 36.0 और रात का 19.6 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग का मानना है कि आगामी 2-3 दिनों में तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। जबकि 24 मार्च को एक नए पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में बदलाव की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी व उत्तरी राजस्थान के बीकानेर व जयपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश, बूंदाबांदी होने की संभावना है। जबकि अधिकांश भागों में आगामी दो-तीन दिन मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा। इसके बाद एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 26-27 मार्च को उत्तर-पश्चिमी व उत्तरी भागों में प्रभावी होने की संभावना है।

### शुभारंभ



केंद्रीय मंत्री व बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल शनिवार को अनूपगढ़ विधानसभा में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। साथ ही व्यापारी व अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं में विश्वास जताते हुए उपस्थित जनसमूह ने 19 अप्रैल को अनूपगढ़ के हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए संकल्प लिया।

# ब्रज की होरी ने मोहा मन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर । 'फिजा में घुलता श्याम रंग, फूलों की बौछार, ब्रज भाषा के मधुर गीत, राधा नाम की रसधार', कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में। होली के अवसर को ध्यान में रखते हुए केन्द्र की ओर से फागोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय कला संस्थान की ओर से अशोक शर्मा व समूह ने फूलों के साथ ब्रजहोरी की प्रस्तुति दी।

मंच पर पहुंचे कलाकारों ने श्री कृष्ण और राधा रानी की मनमोहक छवि को मंच पर साकार किया। 'चंद्र मिटे, सूरज मिटे, मिटे त्रिगुण विश्वास, मिटे ना हरिवंश चंद्र को, मिटे ना नित्य विहार', श्री कृष्ण की वंदना के साथ प्रस्तुति की शुरूआत हुई। इसके बाद कलाकारों ने किशोरी जी की वंदना की। 'चारों धामों से निराला ब्रज धाम है, कृष्ण को गांव है', पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ ब्रज यात्रा के सौंदर्य को साकार किया गया। रंगायन में मौजूद दर्शकगण कृष्ण रंग में रंगे दिखायी दिए। इसी बीच मयूर नृत्य ने सभी को रोमांचित कर दिया। 'आयो रसिया, मोर बण आयो रसिया' गीत पर मयूर नृत्य कर कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण की मनमोहक छवि ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'आज ब्रज में होरी रे रसिया' गीत पर फूलों की होली से जब समां बंधा तो सभी झूम उठे।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में केएल राहुल पर रहेगी नजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा। लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी।

आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में



भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा। इन मंझे बल्लेबाजों तथा रॉयल्स के अनुभवी स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ के पास भी रवि बिश्नोई के रूप में उपयोगी स्पिनर है जो आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप की टीम में जगह बनाने के लिए मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

इसके अलावा 41 वर्षीय स्पिनर अमित मिश्रा के अनुभव का भी लखनऊ को फायदा मिलेगा लेकिन मार्क वुड और डेविड विली के बाहर होने तथा भारतीय खिलाड़ियों मयंक यादव और मोहसिन खान के फिटनेस से जुड़े मुद्दों के कारण उसका तेज गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है।

## लोकसभा चुनावः डीग में यूपी बॉर्डर पर नाकाबंदी में कार से 18 लाख रुपए बरामद

डीग। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने के बाद पुलिस ने यूपी बॉर्डर पर नाकाबंदी बढ़ा दी है। डीग जिले के कोतवाली थाना इलाके में उत्तर प्रदेश और डीग जिले के बॉर्डर पर वाहन तलाशी के दौरान 18 लाख 69 हजार 450 रुपए बरामद किए गए हैं। आयकर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राशि को जब्त कर लिया है।

डीग के एसडीएम रवि कुमार ने बताया कि मजिस्ट्रेट रणधीर सिंह के नेतृत्व में ड्व्ढ टीम, पुलिस की टीम कोतवाली थाना इलाके के यूपी बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस दौरान नाकाबंदी पर उत्तर प्रदेश के अतरौली निवासी मनोज पालीवाल कार लेकर पहुंचा।

# मुख्यमंत्री राज्य का मालिक नहीं सेवक होता है, हम कानून से ऊपर नहीं : आदित्यनाथ



योगी ने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसलिए केजरीवाल बार-बार सीएम बन सके, मगर लोकतंत्र किसी को डकैती डालने की नहीं देता छूट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कोई भी अगर नियम विरुद्ध आचरण करेगा तो उस पर देश का कानून लागू होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य का मालिक नहीं, सेवक होता है। यहां जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही। योगी आदित्यनाथ ने कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन (सरंक्षक) का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर (मैं) नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझपर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसलिए अरविंद केजरीवाल बार–बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके, मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। योगी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला अदालत में है, इसे अब अदालत ही तय करेगी। उन्होंने कहा, उप्र में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां के लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातीयता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नए भारत का नया उप्र है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि वह अपना चुनावी अभियान मथुरा से प्रारंभ करेंगे।

## कांग्रेस के पास हैं कई बैंक खातें जिनमें से महज तीन-चार को कुर्क किया गया, फ्रीज नहीं : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के पास कई बैंक खाते हैं तथा कर बकाए का भुगतान नहीं करने को लेकर उनमें से महज तीन–चार खाते कुर्क किए गए हैं न कि उन्हें 'फ्रीज' किया गया है। भाजपा ने साथ ही कांग्रेस पर लोकसभा चुनाव में अपनी 'आसन्न' हार को भांपकर इस मुद्दे पर भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, इन बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर पूर्ण रोक)नहीं किया गया है, वे चालू हैं। आप (कांग्रेस के लोग) 125 करोड़ रुपए छोड़कर इन खातों में पैसे निकाल सकते हैं और जमा कर सकते हैं। आयकर विभाग ने इन खातों में जमा 125 करोड़ रुपए की राशि कर बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण आयकर नियमों के तहत कुर्क की है। मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास विभिन्न बैंक खातों में करीब 1000 करोड़ रुपए जमा हैं और ये खाते 'पार्टी के ही संविधान के विपरीत' विभिन्न 'पैन नंबर' से खुलवाए गए हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के पास 500 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपए के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण कांग्रेस के तीन–चार बैंक खातों को नियमानुसार कुर्क किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि कांग्रेस के बैंक खातों को 'फ्रीज' किए जाने के बाद पार्टी के पास ट्रेन टिकट बुक करने के भी पैसे नहीं हैं।



## लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करते रहना चाहता हूं : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह छोटे से छोटे तरीके से भी लोगों की मदद करना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करते रहना चाहते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि रोजगार के अवसर सृजित करना और गरीबी खत्म करने के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी सरकार काम कर रही है। गडकरी को भाजपा ने आगामी आम चुनाव के लिए नागपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है।

नागपुर से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर विभिन्न मुद्दों और अपनी योजनाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं लोगों से मिलना जारी रखना चाहता हूं। मेरा मानना है कि सार्वजनिक जीवन में, लोगों से मिलना और छोटे से छोटे संभव तरीके से भी उनकी मदद करना जरूरी है। मैं स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में काम करना जारी रखना चाहता हूं और यथासंभव समाज की सेवा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने रोजगार सृजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल संस्कृति के संदर्भ में अच्छे बुनियादी ढांचे के जरिये लोगों के समग्र विकास और उनके जीवन स्तर में सुधार में मदद करने की कोशिश की। मैंने इन मोर्चों पर प्रयास किए हैं...और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है और मैं ऐसा करूंगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि अपने चुनाव अभियान के तहत वह हर घर, हर व्यक्ति और हर दिल तक पहुंचेंगे। गडकरी ने कहा, मैं पोस्टर, बैनर और प्रलोभन में विश्वास नहीं करता। मैं लोगों से मिलूंगा, उनसे बात करूंगा और उनका आशीर्वाद मांगूंगा। मैं लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम करना जारी रखना चाहता हूं।

गडकरी से पूछा गया कि उनके अनुसार किन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं तो उन्होंने कहा कि जल परिवहन, बंदरगाह, ब्रॉड गेज मेट्रो, बिजली पर बड़े पैमाने पर तीव्र परिवहन जैसे रोपवे, केबल कार, फनिक्युलर रेलवे और स्काई बस क्षेत्र में अपार अवसर हैं।

## अपने विरोधियों पर झूठे मामले दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाने जा रही है भाजपा : अखिलेश



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने विरोधियों पर झूठे मामले दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाने जा रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में जनता वोट डालकर उसके घमंड को चूर–चूर कर देगी। यादव ने एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा, क्या सरकार और भाजपा के लोग लोगों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने का ब्रह्माण्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं? उन्होंने अपने विरोधियों पर झूठे मामले दर्ज किए हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों को झूठे मामलों में फंसाया गया। सपा प्रमुख के बयान की क्लिप सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पार्टी के आधिकारिक हैंडल से भी साझा की गई है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा, केवल बैंक खाते ही सीज नहीं किए जा रहे हैं, मुख्यमंत्रियों को भी पकड़ा जा रहा है। यह भाजपा की हार का डर नहीं है, सही बात यह है कि भाजपा हार गई है।

## 'भ्रष्टाचार आंदोलन का हिस्सा रहे केजरीवाल का भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार होना विडंबना'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के एक मामले में जन लोकपाल आंदोलन का हिस्सा रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को शनिवार को ''विडंबनापूर्ण'' बताया और साथ ही उन्होंने मामले की गहन जांच और दोषियों को सजा देने की मांग की।

हजारे ने एक बयान में केजरीवाल पर करोड़ों देशवासियों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया और अफसोस जताया कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार की शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से मैं बहुत दुखी हूं। यह विडंबनापूर्ण है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जन लोकपाल आंदोलन के मेरे सहयोगी को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले दशक की शुरुआत में जन लोकपाल की मांग को लेकर जन आंदोलन किया गया था। हजारे, केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के प्रमुख चेहरे बनकर उभरे थे।

बाद में केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) बनाई और सिसोदिया के साथ चुनाव जीते। आंदोलन के राजनीतिक रूप लेने के बाद हजारे ने हालांकि खुद को इससे अलग कर लिया था।

हजारे ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जन लोकपाल आंदोलन का राजनीतिक विकल्प असफल हो गया है और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन नष्ट हो गया।

सामाजिक कार्यकर्ता ने केजरीवाल पर करोड़ों देशवासियों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाते हुए अगस्त 2022 में उनके द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को आबकारी नीति को लेकर लिखे गए पत्र का हवाला दिया।

महाराष्ट्र के अहमद नगर जिले में रहने वाले हजारे ने यह भी बताया कि उन्होंने पत्र में केजरीवाल को 'आप' नेता द्वारा अपनी पुस्तक 'स्वराज' में आबकारी नीति के संबंध में लिखी गई बातों के बारे में याद दिलाया।

हजारे ने कहा, मैं इस मुद्दे से हतप्रभ हूं। इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

प्रवर्तन निदेशालय ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली में 'आप' कार्यालय 'सील' किया गया : आतिशी



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से ''सील'' कर दिया गया है और पार्टी निर्वाचन आयोग के समक्ष इस मामले की शिकायत करेगी। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने आप कार्यालय को सील करने के आरोप का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि डीडीयू मार्ग पर लोगों की भीड़ रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, क्योंकि वहां दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू है। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को ''सील'' करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त ''समान अवसरों'' के खिलाफ है। दिल्ली की मंत्री ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे बंद किया जा सकता है? यह भारतीय संविधान में दिए 'समान अवसर' के खिलाफ है। हम इसके खिलाफ शिकायत करने के लिए निर्वाचन आयोग से वक्त मांग रहे हैं। 'आप' के एक अन्य वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पार्टी कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं।

## क्रिकेट और कमेंट्री के बीच सामंजस्य बिठाना आसान नहीं था: दिनेश कार्तिक

**चेन्नई/भाषा।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक कमेंट्री से जुड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण पर्याप्त अभ्यास नहीं करने के बावजूद आईपीएल के शुरुआती मैच में कुछ रन बनाकर खुश हैं। पिछले आईपीएल के बाद कार्तिक ने विजय हजारे ट्रॉफी के रूप में एकमात्र क्रिकेट टूर्नामेंट खेला था। वह भारत और इंग्लैंड के बीच हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान कमेंट्री करने में व्यस्त थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस दौरान अभ्यास के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल था। आरसीबी के बल्लेबाज कार्तिक ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 26 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिससे उनकी टीम 6 विकेट पर 173 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। कार्तिक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, कमेंट्री करते हुए टेस्ट मैचों के बीच क्रिकेट खेलने के लिए समय निकालना बेहद चुनौती पूर्ण था। मुझे जो भी समय मिलता था उसमें मैं कड़ी मेहनत करता था। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे खुशी है कि मैं पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा।

## कोई जेल मुझे अंदर नहीं रख सकती : केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से दिया संदेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता ने शनिवार को पहली बार एक संदेश पढ़ा जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी का प्रत्येक क्षण देश की सेवा के लिए समर्पित रहा है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से दिए एक संदेश में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी जेल उन्हें अंदर नहीं रख सकती है और वह जल्द ही लौटेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि वह कोई भी वादा पूरा करने में असफल रहे हों। उन्होंने महिलाओं को उस योजना के क्रियान्वयन का भी आश्वासन दिया जिसके तहत योग्य लाभार्थियों को हर महीने 1,000 रुपए दिए जाएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले के संबंध में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। केजरीवाल ने कहा, अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक–एक कतरा देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म संघर्षों के लिए हुआ है और वह भविष्य में भी बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि भारत को दुनिया का सबसे मजबूत और महान देश बनाना है। उन्होंने कहा कि कुछ आंतरिक और बाहरी ताकतें देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं और इनसे लड़ने की जरूरत है।

## भाजपा ने मुख्यमंत्री पद पर बने रहने को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गिरफ्तारी के बावजूद अरविंद केजरीवाल के दिल्ली का मुख्यमंत्री बने रहने की आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि यह देश के राजनीतिक इतिहास का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण क्षण और सबसे घटिया राजनीति है। आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं द्वारा अपने नेता (केजरीवाल) का जोरदार तरीके से बचाव करने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कटाक्ष किया कि वे (आप नेता) अब मुख्यमंत्री बनने के लिए एक–दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं लेकिन उनकी (केजरीवाल की) पत्नी भी अब इस दौड़ में शामिल हो गई हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पहली बार एक संदेश पढ़ा जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी का प्रत्येक क्षण देश की सेवा के लिए समर्पित रहा है। ठाकुर ने संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से कम से कम 20 लोगों की मौत पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि पूरी आम आदमी पार्टी किसी न किसी शराब से संबंधित घोटाले में डूब गई है।

## किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, सत्ता में बैठे लोगों को उनकी परवाह नहीं : शरद पवार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को देश के किसानों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र 2024 तक किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहा है। पवार महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के संजय राउत, बालासाहेब थोराट और सुप्रिया सुले जैसे नेताओं की उपस्थिति में महाराष्ट्र के पुणे जिले के इंदापुर में किसान रैली को संबोधित कर रहे थे।

एमवीए में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) शामिल हैं। ये सभी दल विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' का हिस्सा है। पवार ने कहा, देश में अब स्थिति अलग है। लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया था कि 2024 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में होंगे। पवार (83) ने कहा कि देश के किसानों ने प्याज को लेकर राहत की मांग की है।

## कई राज्यों में कांग्रेस में पीढ़ीगत बदलाव शुरू हुआ, पार्टी को खारिज नहीं किया जा सकता : रमेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि कई राज्यों में इस तरह के बदलाव की शुरुआत की गई है, जिससे नए नेताओं को नेतृत्व करने का मौका मिला है।

रमेश ने कहा कि कुछ लोगों ने भले ही कांग्रेस के खत्म होने की बात कही हो किंतु पार्टी को खारिज करना मुश्किल है। मप्र में पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। कांग्रेस के लिए मप्र में जो हुआ है वह एक बड़ा परिवर्तन है। आप 70 साल की पीढ़ी से 50 साल की पीढ़ी में चले गए हैं...कांग्रेस के लिए यह कदम उठाना बहुत बड़ा है। रमेश का कहना था कि बदलाव का यह कदम राजस्थान में दोहराया गया है और वहां नया नेतृत्व सामने आ रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ में पार्टी के पास अभी तक कई अनुभवी चेहरे हैं। उन्होंने तेलंगाना का उल्लेख करते हुए कहा, आप नए लोगों को आते हुए देख रहे हैं। तेलंगाना में हमारी जीत का कारण यह है कि वास्तव में बहुत सारे नए लोगों को आगे बढ़ाया गया था। हमारे मुख्यमंत्री (रेवंत रेड्डी) कांग्रेस में नए व्यक्ति थे, वह दो–तीन साल पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## गुरुग्राम की अदालत ने यूट्यूबर एल्विश यादव को मारपीट के मामले में जमानत दी

**गुरुग्राम/भाषा।** गुरुग्राम की एक अदालत ने यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में बिग बॉस ओटीटी–2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को शनिवार को जमानत दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एल्विश यादव के वकील हिमांशु यादव ने बताया, अदालत ने जमानत याचिका पर सुनवाई की और मामले में जमानत दे दी। उन्हें जमानत मुचलका भरना होगा, जो अदालत में जमा किया जाएगा। गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार को एक अर्जी दाखिल कर एल्विश यादव के खिलाफ पेशी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था, जो नोएडा की जेल में बंद था। न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी हर्ष कुमार ने एल्विश को 27 मार्च को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था।

# सीबीआई ने तृणमूल की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली : अधिकारी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित मोइत्रा के अपार्टमेंट में तलाशी ली। वह कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद थीं। केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम के साथ सीबीआई अधिकारियों ने शहर के दक्षिणी हिस्से के अलीपुर इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मोइत्रा कई वर्षों से रह रहे हैं। कृष्णानगर में मोइत्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक अन्य अपार्टमेंट में भी तलाशी ली जा रही है। शनिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी खबर लिखे जाने तक जारी थी।

## टीएमसी ने महुआ के परिसरों पर छापेमारी को 'प्रतिशोध की राजनीति' बताया, भाजपा का पलटवार



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कथित रूप से धन लेकर सवाल पूछने के मामले में पार्टी नेता महुआ मोइत्रा के परिसरों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी को ''प्रतिशोध की राजनीति'' बताया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शनिवार को मामले में कोलकाता सहित कई स्थानों पर टीएमसी की पूर्व सांसद मोइत्रा के परिसरों में तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीम शनिवार तड़के कोलकाता और अन्य शहरों में महुआ के ठिकानों पर पहुंची और छापेमारी की प्रक्रिया की जानकारी देकर कार्रवाई शुरू की। टीएमसी के वरिष्ठ नेता शांतनु सेन ने कहा, यह विभिन्न ज्वलंत मुद्दों से जनता और मीडिया का ध्यान भटकाने का हथकंडा है।

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब किंग्स ने सैम करन (63) की अर्धशतकीय पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को चार गेंद रहते चार विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद नौ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। जवाब में पंजाब किंग्स ने सैम करन के 63 रन से 19.2 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की।

## माही भाई से मैच 'फिनिश' करना सीखा : शिवम दूबे



**चेन्नई/भाषा।** भारतीय आल राउंडर शिवम दूबे का कहना है कि उन्हें मुश्किल मुकाबलों को 'फिनिश' करने में मजा आता है और उन्होंने यह कला चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथी खिलाड़ी एमएस धोनी का अनुकरण करके सीखी है। धोनी विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ 'फिनिशिर' में से एक हैं।

आल राउंडर शिवम दूबे ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 34 रन की अहम पारी खेली और पांचवें विकेट के लिए रविंद्र जडेजा (नाबाद 25 रन) के साथ 66 रन की अटूट भागीदारी निभाकर सीएसके को छह विकेट से जीत दिलायी।

## सुविचार

जिंदगी मे जो हम चाहते है, वो आसानी से नही मिलता, लेकिन जिंदगी का सच है, की हम भी वही चाहते है, जो आसान नही होता।

## ट्वीट

आज ओटीएस निवास पर केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व राजस्थान रॉयल टीम के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुलाकात कर आईपीएल 2024 के मैच कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया। आप सभी को आईपीएल के सफलतम आयोजन हेतु शुभकामना प्रेषित करता हूं।

-भजनलाल शर्मा



राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर कुशल संगठनकर्ता, सरल स्वभाव एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी माननीय श्री सीपी जोशी जी को हार्दिक बधाई एवं अंनत शुभकामनाएं। आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा प्रदेश संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है।

-राज्यवर्धनसिंह राठौड़



## होली विशेष

# यज्ञीय संकल्प एवं उल्लास का पर्व होली

अशोक प्रवृद्ध

वैदिक मतानुसार यज्ञ सम्पूर्ण ब्रह्मांड के नाभिकेन्द्र हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में सतत यज्ञ का संचालन हो रहा है। इस यज्ञ संस्कृति को समाज व्यवस्था, परिवार व्यवस्था एवं जीवन का अंग बनाए रखने के उद्देश्य से ही भारतीय संस्कृति में पर्व- त्योहारों की परंपरा विकसित हुई है। और पर्व- त्योहारों की इस शृंखला को जनमानस से जोड़कर पर्वों के मूल में यज्ञीय विधान स्थापित किया गया है। यही कारण है कि दीपावली, रक्षाबंधन, दशहरा, करवाचौथ, नवरात्रि से लेकर प्रत्येक पर्व में यज्ञ का विधान है। आदि सनातन काल से ही कृषि प्रधान भारतीय संस्कृति यज्ञों की संस्कृति रही है। होलिकोत्सव यज्ञीय परम्परा का पवित्रतम उत्सव है। इसमें कृषि संस्कृति से लेकर ऋषि मूल्यों तक का समावेश है। अत्यंत प्राचीन काल से प्रचलित इस सार्वभौम पर्व में देश के हर वर्ग, जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोगों में उत्साह व आनन्द की अनुभूति दृष्टिगोचर होती है। जीवन को उल्लास के साथ जीने की रीति-नीति का संदेश व शिक्षा देने वाले इस प्रकृति पर्व पर सर्वत्र प्रकृति की सुन्दर मनोरम छटा बिखरती है। उस सुन्दर मनोरम छटा की अभिव्यक्ति हेतु लोग आपस में गुलाल-अबीर से अपनी आन्तरिक पुलकन को प्रकट करते हैं।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार होली भारत में अत्यंत प्राचीन काल से होली, होलिका या होलाका नाम से मनाया जाता रहा है। वसंत की ऋतु में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के कारण इसे वसंतोत्सव और काम महोत्सव भी कहा गया है। इसे मन्वन्तरारंभ का पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व जन-जन में आंतरिक उल्लास को उभारने के लिए यज्ञीय संकल्प से जुड़ने का सांस्कृतिक संदेश भी देता है। विद्वानों के अनुसार प्राचीन कालीन होलाका ही कालांतर में होली हो गई है। वैदिक काल से लेकर आज तक होली ऋषियों और कृषकों द्वारा मनाई जाती रही है। प्राचीन समय में गुरुकुलों में वटुक फाल्गुनी पूर्णिमा को सामगान अर्थात सामवेद के मंत्रों का राग और ताल में गान किया करते थे। सामवेद से जुड़े ताण्ड्य महाब्राह्मण के अनेक मंत्रों का सीधा संबंध फाल्गुन पूर्णिमा अर्थात होली से जुड़ा प्रतीत होता है। उल्लेखनीय है कि एक ओर गुरुकुलों में होली पर हुताशनी अनुष्ठान होता है, वहीं नई फसल के तैयार हो जाने पर किसान और आम जन चटकीली रंग-बिरंगी होली खेलते हैं। वेद में सर्वप्रथम अग्नि की ही महिमा गान की गई है। ऋग्वेद का प्रथम मंत्र 1/1/1 अग्नि से ही



संबंधित है, और इसमें अग्नि को सृष्टि रचना से भी पहले उपस्थित अर्थात अग्रे कहा गया है। धरती पर उपजे नवान्न को भी पृथ्वी पर उपस्थित भौतिक अग्नि में आहुति स्वरूप डालकर ही ग्रहण किए जाने की भारत में प्राचीन परिपाटी रही है। जौ, गेहूं की चमचमाती बालियों को अग्नि देवता को समर्पित किया जाता है। यजुर्वेद में नव सस्य से पैदा नए धान्य को वाज कहा गया है। होली पर अग्नि-ज्वाला में वाज की आहुति देकर फिर उन पकी हुई बालियों को प्रसाद रूप में ग्रहण करना है। इस वैदिक यज्ञ को नवधान्य इष्टि कहा गया है।

होला कर्म विशेष सौभाग्याय
स्त्रीणां प्रातरनुष्ठीयते।
तंत्र होलाके राका देवता,
यास्ते तत्र राके सुमतयः।।

अर्थात- होला एक कर्मविशेष है, जो स्त्रियों के सौभाग्य के लिए संपादित होता है। उस कार्य में राका पूर्ण चंद्र देवता है। फाल्गुन की पूर्णिमा पर लोग शृंग से एक दूसरे पर रंगीन जल छोड़ते हैं और सुगंधित चूर्ण बिखेरते हैं। इस प्रकार काठक गृह्यसूत्र ने होली को स्त्रियों के सौभाग्य वृद्धि के लिए संपन्न किया जाने वाला एक अनुष्ठान माना है, जिसके देवता चंद्रमा हैं। हैमाद्री ग्रंथ काल वृहदधर्म में उद्धृत एक श्लोक में होलिका पूर्णिमा को होता शनि कहा गया है। लिंग पुराण के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा को फाल्गुनिका कहा जाता है। यह रात्रि क्रीड़ाओं से पूर्ण है, और लोगों को विभूति या ऐश्वर्य देने वाली है। भविष्यपुराण में होली को हास्य-विनोद का पर्व बतलाया गया है। वराह पुराण के अनुसार पटवास विलासिनी चूर्ण से युक्त क्रीड़ाओं वाली है। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का आरंभ माना जाता है, परंतु इस होलिकोत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरंभ होता है। इसलिए यह पर्व नवसंवत का आरंभ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इस दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म होने के कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं। फसल से जुड़े होने के कारण होली जीवन को चलाने वाला उत्सव है। जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथा गृह्यसूत्र, नारद पुराण, भविष्य पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों सहित संस्कृत के साहित्यों में भी वसंत ऋतु और वसन्तोत्सव के संबंध में उल्लेख है। तंत्र शास्त्र के अनुसार फागुनी पूनम की रात दारुण रात्रि है। यह साधना से सिद्धियों को प्राप्त करने की रात्रि है। जैमिनी एवं शबर के अनुसार प्राचीन काल में पर्व, उत्सव, समारोह आदि अवसर पर बहुत सी क्रीड़ाएं होती थीं, जिसमें से बीस क्रीड़ाएं प्रमुख थीं। होलाका उन 20 क्रीड़ाओं में से एक था, जो संपूर्ण भारत में किसी समय कई सदियों तक प्रचलित था। इनके अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा पर लोग इसे पर्व के रूप में एक-दूसरे के साथ मिलकर मनाते रहे। इस पारंपरिक कृत्य को होलिका पूजा और श्रीकृष्ण का गोपियों के साथ होली खेलने की पौराणिक कथा से जोड़कर देखा जाता है।

होलिकात्सव से संबंधित शिव द्वारा कामदेव के दहन की कथा, हिरण्यकशिपु की बहन होलिका की कथा के साथ ही कई अन्य कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा भविष्योत्तर पुराण 132/1/51 में भी अंकित है। जिसके अनुसार युधिष्ठिर के द्वारा फाल्गुन पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले अनुष्ठान के विषय में श्रीकृष्ण से पूछे जाने पर श्रीकृष्ण ने उन्हें राजा रघु से संबंधित एक कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार राजा रघु के पास उनकी प्रजा परेशान होकर गई और कहा कि ढोण्ढा (ढूँढिका) नामक राक्षसी बच्चों को डराती है। राजा ने अपने विद्वत समाज से इस संबंध में जानकारी प्राप्त की, तो उन्होंने बताया कि मालिन की पुत्री राक्षसी को शिव से वरदान प्राप्त है कि उसे देव, मानव आदि नहीं मार सकते, न अस्त्र-शस्त्र, जाड़ा, गर्मी और वर्षा। लेकिन शिव ने उसे क्रीडायुक्त बच्चों से भय खाने का शर्त भी वरदान के साथ जोड़ दिया है, इसलिए वह क्रीड़ायुक्त बच्चों से भय करती है। विद्वानों ने बताया कि शीत ऋतु के समाप्ति व ग्रीष्म के आगमन का समय फाल्गुन पूर्णिमा को होता है। इस दिन बच्चे इसे आनंद से मनाएं। लकड़ी के टुकड़े, सूखे घास- फूस, गौ गोबर के सूखे उपले आदि लेकर अग्नि की तीन बार प्रदिक्षिणा करें, खिलखिलाकर जोर हंसे और खुश होकर शोरगुल करें तो वह राक्षसी मृत्यु को प्राप्त होगी। विद्वत समाज के कहे अनुसार वैसा ही किया गया और बच्चों ने लकड़ी के टुकड़े, सूखे घास- फूस, गौ गोबर के सूखे उपले आदि लेकर अग्नि की तीन बार प्रदिक्षिणा कर उसे प्रज्वलित किया और जलती काष्ठ टुकड़ों को लेकर नृत्य और हो -हल्ला शुरू किया और ढूँढिका की आओर बढ़ने लगे। बच्चों को हल्ला करते हुए अग्नि के टुकड़ों को लेकर अपनी ओर आते देख राक्षसी भाग गई। इसी कारण से इस उत्सव को अडाडा या होलिका कहा गया है। बहरहाल होली को भारत में सबसे बड़े उल्लास और आनंद का उत्सव माना जाता है।

इसके मनाने में पूरे देश में भिन्न-भिन्न मान्यताएं और भावनाएं हैं। बंगाल को छोड़कर होलिकादहन प्राय: सर्वत्र होता है। बंगाल में फाल्गुन पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण का झूला प्रसिद्ध है। होली पर रंग खेलने की अवधि भी पूरे देश में अलग-अलग है। कहीं रंगीली बौछारें होली के अगले दिन, कहीं पांचवें दिन तो कहीं आठवें दिन और कहीं पूरे पखवाड़े तक बरसती है। इस समय मस्ती से सराबोर लोग एक-दूसरे के रंग लगाते हैं, तो साथ में रंग घुले जल की बौछारें भी एक-दूसरे पर छोड़ते हैं।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# धूलिवंदन

क्यों बाहर रंग तलाशता मनुष्य
अपने भीतर देखो रंगों का इंद्रधनुष।

जिसकी अपने भीतर का इंद्रधनुष देखने की दृष्टि विकसित हो ली, बाहर की दुनिया में उसके लिए नित मनती है होली। रासरचैया उन आँखों में हर क्षण रचाते हैं रास, उन आँखों का स्थायी भाव बन जाता है फाग।

फाग, गले लगने और लगाने का रास्ता दिखाता है पर उस पर चल नहीं पाते। जानते हो क्यों? अहंकार की बढ़ी हुई तोंद अपनत्व को गले नहीं लगने देती। वस्तुत: दर्प, मद, राग, मत्सर, कटुता का दहन कर उसकी धूलि में नेह का नवांकुरण है होली।

नेह की सरिता जब धाराप्रवाह बहती है तो धारा न रहकर राधा हो जाती है। शाश्वत प्रेम की शाश्वत प्रतीक हैं राधारानी। उनकी आँखों में, हृदय में, रोम-रोम में प्रेम है, श्वास-श्वास में राधारमण हैं।

सुनते हैं कि एक बार राधारमण गंभीर रूप से बीमार पड़े। सारे वैद्य हार गए। तब भगवान ने स्वयं अपना उपचार बताते हुए कहा कि उनकी कोई परमभक्त गोपी अपने चरणों को धो कर यदि वह जल उन्हें पिला दे तो वह ठीक हो सकते हैं। परमभक्त सिद्ध न हो पाने भय, श्रीकृष्ण को चरणामृत देने का संकोच जैसे अनेक कारणों से कोई गोपी सामने नहीं आई। राधारानी को ज्यों ही यह बात पता लगी, बिना एक क्षण विचार किए उन्होंने अपने चरण धो कर प्रयुक्त जल भगवान के प्राशन के लिए भेज दिया।

वस्तुत: प्रेम का अंकुरण भीतर से होना चाहिए। शब्दों को वर्णों का समुच्चय समझने वाले असंख्य आए, आए सो असंख्य गए। तथापि जिन्होंने शब्दों का मोल, अनमोल समझा, शब्दों को बाँचा भर नहीं बल्कि भरपूर जिया, प्रेम उन्हीं के भीतर पुष्पित, पल्लवित, गुंफित हुआ। शब्दों का अपना मायाजाल होता है किंतु इस माया में रमनेवाला मालामाल होता है। इस जाल से सच्ची माया करोगे, शब्दों के अर्थ को जियोगे तो सीस देने का भाव उत्पन्न होगा। जिसमें सीस देने का भाव उत्पन्न हुआ, ब्रह्मरस प्रेम का उसे ही आसीस मिला।

प्रेम ना बाड़ी ऊपजै, प्रेम न हाट बिकाय।
राजा, परजा जेहि रुचै, सीस देइ ले जाय।

बंजर देकर उपजाऊ पाने का सबसे बड़ा पर्व है धूलिवंदन। शीष देने की तैयारी हो तो आओ सब चलें, सब लें प्रेम का आशीष..!

इंद्रधनुष का सुलझा गणित,
रंग-बिरंगी छटाएँ अंतर्निहित,
अंतस में पहले सद्भाव जगाएँ,
नित-प्रति तब होली मनाएँ।....

खेलें होली, मिलें होली...!..शुभ होली।

# कोई झूमे भंग के नशे में, कोई फाग के गीतों में

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

रंग, उमंग, हास-परिहास और उल्लास का पर्व होली मुख्य रूप से रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं और एक दूसरे को प्यार और स्नेह के रंगों में डुबोकर अपना उल्लास जाहिर करते हैं। हास-परिहास होली की आत्मा है। हँसना आदमी की सेहत के लिए लाभप्रद माना गया है। रंगों के त्योहार होली का सबको आतुरता से इंतजार रहता है। फाल्गुन महीना मौज़ मस्ती, उत्साह, मन की चंचलता से भरा होता है। फागुन का महीना आते ही जैसे समूचा वातावरण रंगीन हो जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली का नाम सुनते ही हमारी रग रग फड़कने लग जाती है। यह एक ऐसा अनूठा पर्व है जब लोग अपने गिले-शिकवे ख़त्म कर पुराने दुश्मन को भी गले लगा लेते हैं। होली उन लोगों को भी हंसी-ठिठोली करने पर मजबूर कर देती है, जो धीर - गंभीर भाव-भंगिमा में रहते हैं। इस दिन बच्चे से बुजुर्ग तक सभी उम्र के लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल आदि से होली खेलते हैं। ढोल मजीरे बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को गुलाल व रंग लगाया जाता है।

सचमुच होली में रंग है, प्यार है, उमंग है तरंग, आनंद और उल्लास है। यह त्योहार जाति-भेद, छोटा - बड़ा अमीरी-गरीबी से ऊपर उठकर मित्रता और भाई-चारे का सन्देश देता है। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। होली का यह रंग बिरंगा त्योहार मुख्य रूप से दो दिन मनाया जाता है। पहले दिन होलिका दहन होती है। दूसरे दिन धुलेंडी मनाते है। इस दिन एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल लगाते हैं. साथ ही ढोल बजा कर होली के गीत गाते हैं। देश हमारा इतना रंगीला है कि इसका हर रंग पूरी दुनिया पर चढ़ गया है। बहुत से स्थानों पर लोग ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। इस दिन जगह-जगह टोलियाँ रंग-



बिरंगे कपड़े पहने नाचती-गाती दिखाई पड़ती हैं। बच्चे पिचकारियों से रंग छोड़कर अपना मनोरंजन करते हैं। सारा समाज होली के रंग में रंगकर एक-सा बन जाता है। धुलेंडी के दिन एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं। बच्चे और युवा अपने बड़ों के पांव छूते है। एक दूसरे के गले मिलते हैं और मिठाइयाँ खिलाते हैं।

यह विशुद्ध मौज-मस्ती व मनोरंजन का सांस्कृतिक त्योहार है। रंगों का त्योहार होली समस्त त्योहारों का शिरोमणि है। यह हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह, एकता, प्रेम और मेल-मिलाप का अनुपम उपहार लेकर आता है। आनन्द एवं उल्लास की अनुपम छटा बिखेरते इस अनूठे, चमत्कारी पर्व पर सभी प्रसन्न मुद्रा में दिखाई देते हैं। चारों ओर रंग, अबीर, गुलाल की फुहार उड़ती दिखाई देती है। बच्चे से बुजुर्ग तक इसे बड़े ही उत्साह व सौहार्दपूर्वक मनाते हैं। एक-दूसरे से मेल-जोल बढ़ाने और विभिन्नता में एकता का माना जाता है। होली में मस्ती, ठिठोली और हुड़दंग देखने को मिलता है। होली की याद या चर्चा आते ही मन मे हर्ष और मस्ती का सँचार हो जाता है ,रगँ अबीर गुलाल और फाग से हम सराबोर हो जाते है। फाल्गुन के आगमन से ही मन मे अल्हडता चली आती है। जाने कहाँ गई वो होली जो कभी मेरे शहर को रंगों से सराबोर कर देती थी, मस्त कर देती थी और उसे पहचान देती थी, लेकिन अब न तो वह होली रही, न ही वह शोखी, मस्ती, रंगत एवं जिन्दादिली रही। आज होली बेनूर हो गई है।

## बोध कथा

# मेहनत का फल

एक गांव में दो मित्र नकुल और सोहन रहते थे। नकुल बहुत धार्मिक था और भगवान को बहुत मानता था। जबकि सोहन बहुत मेहनती थी। एक बार दोनों ने मिलकर एक बीघा जमीन खरीदी। जिससे वह बहुत फ़सल ऊगा कर अपना घर बनाना चाहते थे। सोहन तो खेत में बहुत मेहनत करता लेकिन नकुल कुछ काम नहीं करता बल्कि मंदिर में जाकर भगवान से अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करता था। इसी तरह समय बीतता गया। कुछ समय बाद खेत की फसल पक कर तैयार हो गयी। जिसको दोनों ने बाजार ले जाकर बेच दिया और उनको अच्छा पैसा मिला। घर आकर सोहन ने नकुल को कहा की इस धन का ज्यादा हिस्सा मुझे मिलेगा क्योंकि मैंने खेत में ज्यादा मेहनत की है।

यह बात सुनकर नकुल बोला नहीं धन का तुमसे ज्यादा हिस्सा मुझे मिलना चाहिए क्योकि मैंने भगवान से इसकी प्रार्थना की तभी हमको अच्छी फ़सल हुई। भगवान के बिना कुछ संभव नहीं है। जब वह दोनों इस बात को आपस में नहीं सुलझा सके तो धन के बँटवारे के लिए दोनों गांव के मुखिया के पास पहुंचे। मुखिया ने दोनों की सारी बात सुनकर उन दोनों को एक एक बोरा चावल का दिया जिसमें कंकड़ मिले हुए थे। मुखिया ने कहा की कल सुबह तक तुम दोनों को इसमें से चावल और कंकड़ अलग करके लाने है तब में निर्णय करूँगा की इस धन का ज्यादा हिस्सा किसको मिलना चाहिए।

दोनों चावल की बोरी लेकर अपने घर चले गए। सोहन ने रात भर जागकर चावल और कंकड़ को अलग किया। लेकिन नकुल चावल की बोरी को लेकर मंदिर में गया और भगवान से चावल में से कंकड़ अलग करने की प्रार्थना की। अगले दिन सुबह सोहन जितने चावल और कंकड़ अलग कर सका उसको ले जाकर मुखिया के पास गया। जिसे देखकर मुखिया खुश हुआ। नकुल वैसी की वैसी बोरी को ले जाकर मुखिया के पास गया। मुखिया ने नकुल को कहा की दिखाओ तुमने कितने चावल साफ़ किये है। नकुल ने कहा की मुझे भगवान पर पूरा भरोसा है की सारे चावल साफ़ हो गए होंगे। जब बोरी को खोला गया तो चावल और कंकड़ वैसे के वैसे ही थे। जमींदार ने नकुल को कहा की भगवान भी तभी सहायता करते है जब तुम मेहनत करते हो। जमींदार ने धन का ज्यादा हिस्सा सोहन को दिया। इसके बाद नकुल भी सोहन की तरह खेत में मेहनत करने लगा और अबकी बार उनकी फ़सल पहले से भी अच्छी हुई।

### सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है की हमें कभी भी भगवान के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। हमें सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी चाहिए।



## वीर गाथा

# लांस नायक जंगबीर सिंह : शांति व मानवता के लिए बलिदान हुए थे 'जंग के वीर'

लांस नायक जंगबीर सिंह का जन्म 7 नवंबर, 1960 को उत्तर प्रदेश (अब उत्तराखंड) के चमोली गढ़वाल जिले के बीना मल्ला गांव में हुआ था। माता चैता देवी और पिता चंदन सिंह की संतान जंगबीर अपने नाम के अनुरूप सच में 'जंग के वीर' थे। उन्हें बचपन से ही सशस्त्र बलों से बहुत लगाव था, जो जुलाई 1980 में भारतीय सेना में ले आया। उन्हें गढ़वाल राइफल्स में शामिल किया गया था।

जंगबीर मार्च 1989 में अपने साथी जवानों के साथ श्रीलंका में थे। वहां लिट्टे उग्रवादियों ने भारी हिंसा मचाई थी, जिससे आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। भारतीय सेना के जवान वहां शांति स्थापना कर रहे थे।

22 मार्च को जंगबीर की यूनिट 4 गढ़वाल को एक महत्त्वपूर्ण ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया था। दरअसल सेना को अपने विश्वसनीय खुफिया सूत्रों से सूचना मिली थी कि उत्तरी वावुनिया सेक्टर के नयारू लैगून क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक शिविर लगा रखा है, जहां हथियारों का बड़ा जखीरा भी है।

जब जंगबीर और साथी जवान उस इलाके में पहुंचे तो उग्रवादियों ने उनकी ओर भीषण गोलीबारी की। इसके जवाब में जवानों ने भी गोलीबारी की, जिससे कई उग्रवादी ढेर हो गए। जंगबीर को आदेश मिला कि वे योजना के अनुसार अपनी टुकड़ी को 30 मीटर दूर एक स्थान पर ले जाएं और आतंकवादियों पर धावा बोलें, ताकि बाकी प्लाटून सुरक्षित क्षेत्र में पहुंच जाए।

भारी गोलीबारी के बीच जंगबीर आगे बढ़े। उन्होंने उग्रवादियों को ललकारा और जबरदस्त अंदाज में धावा बोला। इससे कई उग्रवादी बुरी तरह छलनी हो गए। हालांकि जंगबीर भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने उग्रवादियों की ओर गोलीबारी जारी रखी। जब तक उनके साथी जवान वहां पहुंचे, वे शांति व मानवता के लिए बलिदान हो चुके थे। लांस नायक जंगबीर सिंह जैसे भारत के वीर पुत्रों के कारण हम सब सुरक्षित हैं। ऐसे बलिदानियों का नाम अमर रहेगा।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# प्रधानमंत्र मोदी ने भूटान में भारत के सहयोग से निर्मित आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

थिम्पू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के उनके समकक्ष शेरिंग टोबगे ने यहां भारत के सहयोग से निर्मित एक आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन किया, जो महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराएगा। 'ग्लाल्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल' 150 बिस्तर वाला आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल है जिसे थिम्पू में भारत सरकार के सहयोग से बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ग्लाल्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल देते हुए कई परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है।

उन्होंने कहा कि यह नया अस्पताल स्वस्थ भावी पीढ़ी के पोषण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्वास्थ्य देखभाल में साझेदारी को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे के साथ थिम्पू में ग्लाल्सुएन जेत्सुन पेमा मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से संपन्न यह अस्पताल भारत-भूटान विकास सहयोग का चमकता उदाहरण है।

विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत ने दो चरणों में अस्पताल के विकास में सहयोग दिया है। पहले चरण में 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुआ। दूसरे चरण का निर्माण 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 119 करोड़ रुपये की लागत से 2019 में शुरू किया गया तथा हाल में निर्माण कार्य पूरा हुआ। इसमें कहा गया है कि इस नवनिर्मित अस्पताल से भूटान में माता व बाल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी। इस नए अस्पताल में बाल चिकित्सा, स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान, एनेस्थिसियोलॉजी, ऑपरेशन थियेटर, नवजात गहन देखभाल और बाल चिकित्सा गहन देखभाल के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

भूटान के स्वास्थ्य मंत्री टांडिन वांगचुक ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, भूटान को भारत से काफी सहयोग मिल रहा है खासतौर से स्वास्थ्य क्षेत्र में, तीन रेफरल अस्पतालों से लेकर अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं तक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यहां ग्लाल्सुएन जेत्सुन पेमा मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन करना हमारे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पूरी तरह भूटान की माताओं और बच्चों को समर्पित है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एक कैंसर अस्पताल का भी प्रस्ताव है जिसे इसी परिसर में ही बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम सभी कैंसर मरीजों को भारत भेज रहे हैं। लिहाजा कैंसर अस्पताल का निर्माण पूरा होने के बाद, मुझे लगता है कि इससे भूटान की स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष चिकित्सा देखभाल को भी बढ़ावा मिलेगा।

भूटान के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे मोदी ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की और प्रधानमंत्री टोबगे से बातचीत की।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि भारत अगले पांच साल में भूटान को 10,000 करोड़ का सहयोग उपलब्ध कराएगा। भूटान नरेश ने शुक्रवार को यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। यह सम्मान पाने वाले वह पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, मैं बड़ी विनम्रता के साथ 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' सम्मान स्वीकार करता हूं। मैं यह सम्मान देने के लिए महामहिम भूटान नरेश का आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सम्मान को भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं।

मुझे विश्वास है कि भारत-भूटान के संबंध बढ़ते रहेंगे और हमारे नागरिकों को फायदा पहुंचाएंगे। भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंध 1968 में स्थापित हुए थे। भारत-भूटान संबंधों की मूल रूपरेखा 1949 में दोनों देशों के बीच हुई मित्रता एवं सहयोग संधि रही है जिसमें फरवरी 2007 में संशोधन किया गया था।

## स्वागत




नई दिल्ली में शनिवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता जय राम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर के भाजपा में शामिल होने पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पार्टी नेता अरुण सिंह भी उपस्थित रहे।

# पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर करने कार्यकर्ता यूएनएचआरसी के सामने जमा हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जिनेवा। यहां स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) मुख्यालय में दक्षिण एशिया, विशेषकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति उजागर करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान सरकार की ओर से अपनाई जा रही नीतियों की आलोचना की। एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया और इसमें विभिन्न कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मुद्दों पर विशेष संवाददाता प्रोफेसर निकोलस लेवरट ; यूनान के पूर्व संसद सदस्य और पेशे से पत्रकार कॉन्स्टेंटिन बोगदानोस वक्ताओं में शामिल थे। विज्ञप्ति के मुताबिक त्सेन्गे त्सेरिंग (खोज); ब्रिटिश पत्रकार और लेखक और दक्षिण एशियाई मामलों के विशेषज्ञ हम्फ्री हॉक्सले और एनईपी-जेकेजीबीएल के संस्थापक अध्यक्ष सज्जाद राजा भी वक्ताओं में शामिल थे। सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड पीस एडवोकेसी के जोसेफ चोंगसी ने कार्यक्रम के संचालक की भूमिका निभाई।

प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक मुख्य आयोजन से इतर आयोजित यह कार्यक्रम पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर केंद्रित था, खासकर जम्मू-कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के क्षेत्रों में। बोगदानोस ने अपने संबोधन में कहा कि नेताओं के साथ-साथ यूरोपीय नागरिकों को भी 'इन मुद्दों में रुचि लेने की जरूरत है, भले ही वे भौतिक रूप से हमारी सीमाओं से बहुत दूर हों।

उन्होंने अल्पसंख्यकों के संबंध में पाकिस्तानी सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने उत्तरी साइप्रस में अपने देश की स्थिति का भी जिक्र किया और तर्क दिया कि वे उत्पीड़कों के खिलाफ लड़ रहे हैं।

गिलगित-बाल्टिस्तान के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने पाकिस्तान और चीन के बीच व्यापारिक संबंधों में इस क्षेत्र के महत्व को समझाया और कहा कि एक समृद्ध क्षेत्र होने के बावजूद, यहां की आबादी गरीबी, शिक्षा और चिकित्सा के बुनियादी ढांचे और खाद्य सुरक्षा के खतरे में रहती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार ब्लैकमेल के साधन के रूप में इनका इस्तेमाल करती है। उन्होंने इस तथ्य की भी निंदा की कि वे इस क्षेत्र में बहुसंख्यक होने के बावजूद संवैधानिक अधिकारों के बिना, वोट देने के अधिकार के बिना और कानून बनाने के अधिकार के बिना रहते हैं।

हॉक्सले ने उत्पीड़क के प्रति शांतिपूर्ण प्रतिरोध और आपदा से बचने की एकमात्र रणनीति के रूप में इन क्षेत्रों को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने कहा कि कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। इसलिए इस तरह के आयोजन और प्रतिबद्ध दूतों का काम महत्वपूर्ण है।

# वेबसीरीज 'दलदल' में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आयेंगी भूमि पेडनेकर

मुंबई/एजन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली वेबसीरीज 'दलदल' में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आयेंगी। भूमि पेडनेकर ने कहा,मुझे करियर के शुरुआती दौर से ही चुनौतियां पसंद रही हैं। खास बात यह है कि शुरू से ऐसी भूमिकाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे मेरी सीमाओं से आगे जाकर काम करने की हिम्मत दी।

वेब सीरीज 'दलदल' में मेरा किरदार बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मैं इसे पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाने के लिए उत्सुक हूं।मेरे पास पहले भी कई कहानियां आई हैं, जहां महिलाएं यूनिफार्म में थीं, लेकिन यह बहुत प्रभावशाली है। मैंने पहले इस तरह के रोल के बारे में न पढ़ा है, न देखा है।

कहानी शुरू ही यहीं से होती है कि मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है और वह कई मर्डर केस और अन्य क्राइम को सुलझाती है। वेब सीरीज 'दलदल' अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## पर्यटक



शिमला में पर्यटक शनिवार को रिज पर सुहावने मौसम का आनंद लेते हुए।

# पाकिस्तान के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करें : जरदारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया। जरदारी यहां परेड ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह और सेना परेड को संबोधित कर रहे थे। 23 मार्च का दिन 1940 में ऐतिहासिक लाहौर संकल्प को अपनाने का प्रतीक है, जिसने दक्षिण एशिया के मुसलमानों के लिए एक अलग देश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान की थी। इस अवसर पर सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान विशिष्ट अतिथि थे। जरदारी ने सेना के तीनों अंगों की परेड का निरीक्षण किया और उनकी तैयारियों की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर, राजनीतिक मतभेदों को दूर करते हुए आंतरिक सहमति बनाने का आग्रह किया। इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति निर्वाचित हुए जरदारी ने कहा, मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें अपने सभी राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करके देश के विकास व समृद्धि के लिए काम करना चाहिए।



# ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए अनन्या पांडे को कहा कि आप स्टार हैं

मुंबई/एजन्सी



एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की।

पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं।

एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है। फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। अनन्या की अगली फिल्म 'कॉल मी बे', 'कंट्रोल' और 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर' हैं।

# डीजे मार्शमेलो के साथ काम करेंगे अरमान मलिक

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार और संगीतकार अरमान मलिक अमेरिकी संगीत निर्माता और डीजे, मार्शमेलो के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। गायक-गीतकार अरमान मलिक ने हाल ही में मुंबई में अंग्रेजी गायक एड शीरन के साथ एक सरप्राइज एक्ट करके फैंस को खुश किया।पिछले कुछ वर्षों में, अरमान मलिक ने खुद को विश्व स्तर पर प्रशंसित संगीतकार और भारत में सबसे पसंदीदा कलाकारों में से एक के रूप में प्रभावशाली रूप से स्थापित किया है। अरमान मलिक अब अमेरिकी संगीत निर्माता और डीजे, मार्शमेलो के साथ अपनी ऑनलाइन बातचीत के लिए सुर्खियाँ बटोर रहे हैं, और नेटिज़न्स कलाकार के साथ एक और शानदार संगीत सहयोग की अटकलें लगा रहे हैं।

यह सब तब शुरू हुआ जब मार्शमेलो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने भारत दौरे की घोषणा करते हुए कहा, होली मनाने के लिए भारत जा रहा हूँ। जवाब में, अरमान मलिक ने टिप्पणी की, मैनू की पता ये कौन सा गाना है,जिस पर अमेरिकी डीजे मार्शमेलो ने जवाब दिया, पाजी, मुंबई में मिलते हैं।वीडियो में अरमान मलिक की आवाज़ सुनाई देने के साथ, फैंस उत्सुकता से आगे के विवरण का इंतजार कर रहे हैं।

# देखने को मिल सकता है 'सत्यप्रेम की कथा' का सीक्वल

मुंबई/एजन्सी



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पायी अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

शरीन ने पिंकविला के साथ बातचीत में कहा कि आप जानते हैं कि हमने हमेशा उन प्रोजेक्ट का सपोर्ट करने में विश्वास किया है जिनके पीछे एक सोच होती है। लेकिन हम हर प्रकार की स्टाइल के साथ एक्सपेरीमेंट कर रहे हैं, जिनके लिए एक ऑडियंस है। चाहे वो कॉमेडी हो, ड्रामा हो, एक्शन हो - सब कुछ। 'सत्यप्रेम की कथा', 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' और 'लॉस्ट' के अलावा हमने एक मराठी बायोग्राफी फिल्म 'आनंदी गोपाल' बनाई है। साथ ही एक वेब शो प्रोड्यूस किया है जो सनी लियोन की असल जिंदगी पर आधारित है।

कंटेंट हमारे लिए हमेशा किंग है और रहेगा। मैं उस स्टाइल को देखते हुए बड़ी हुई हूं, वास्तव में इसका आनंद लेती हूं, और मुझे पता है कि दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा अभी भी एक अच्छी, भरोसेमंद लव स्टोरी का लुत्फ उठाता है। हमारे पास पाइपलाइन में कुछ रोमांटिक स्क्रिप्ट हैं और मैं अच्छे समय में उनके बारे में खुलासा करूंगी। शरीन ने 'सत्यप्रेम की कथा 2' को लेकर कहा कि ठीक है, इसकी गुंजाइश है, लेकिन फिलहाल हमारे पास पार्ट 2 के बारे में कोई आइडिया नहीं है। लेकिन जैसा कि कहते हैं, कभी ना मत कहो। उल्लेखनीय है कि कार्तिक की अगली फिल्म 'चंदू चैंपियन' है, जो 14 जून को रिलीज होगी। इसके बाद कार्तिक फिल्ममेकर साजिद नाडियाडवाला के साथ एक और फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे।

# शाहरुख, दीपिका और आलिया के साथ काम करना चाहती हैं अवंतिका

मुंबई/एजेन्सी



'मीन गर्ल्स' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर भारतीय-अमेरिकी एक्ट्रेस अवंतिका वंदनापू भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान की 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'वीर जारा' जैसी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं। हिंदी सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में नजर आने वाली अवंतिका ने कहा, ''एक बाल कलाकार के रूप में अपनी जड़ों से निकलकर भारत लौटना और अब बिग गर्ल्स डोंट क्राई जैसी हिंदी सीरीज में काम करना सपने सच होने जैसा है।'' उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही यश चोपड़ा की 'चांदनी', 'वीर जारा', 'डीडीएलजे', 'डर' जैसी फिल्में देख रही हूं और मुझे भारतीय सिनेमा से प्यार हो गया है। मेरे मन में बॉलीवुड में काम करने की इच्छा पैदा हुई। मुझे रंग, भावनाएं और खुशमिजाज भारतीय फिल्में पसंद हैं और मैं उनका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।''

अवंतिका का जन्म एक भारतीय, तेलुगु भाषी परिवार में हुआ था। उन्होंने कई हॉलीवुड परियोजनाओं में काम कर अपनी पहचान बनाई, जिनमें 'मीन गर्ल्स', 'स्पिन' और 'सीनियर इयर्स' शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम करना पसंद करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं शाहरुख खान, दीपिका, आलिया और कई कलाकारों को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी।'' 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में अवंतिका के साथ पूजा भट्ट, मुकुल चड्ढा, जोया हुसैन और राइमा सेन शामिल हैं। वह हॉलीवुड के अपने अगले प्रोजेक्ट 'टैरो' पर काम कर रहीं हैं। यह एक हॉरर फिल्म है, जिसके इस साल के अंत में रिलीज होने की उम्मीद है।

## होली





पटना वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने शनिवार को होली का त्योहार मनाया

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर की संस्था जसवंतगढ़ नागरिक परिषद ने शनिवार की शाम केआर रोड स्थित कुवेम्पू कला क्षेत्र सभागार में राजस्थानी लोक गीत-संगीत पर आधारित लोकनृत्य व गीतों के एक उत्कृष्ट रंगारंग कार्यक्रम 'अबीर-गुलाल' का आयोजन किया जिसमें स्थानीय व पूरे देश से आए लगभग 25 सुप्रसिद्ध कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य, गीत व साहसी नृत्यों के माध्यम से खूब धमाल किया।



## मासिक तेरस पर हुआ भिक्षु धम्म जागरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शुक्रवार को भिक्षु तेरस के अवसर पर स्थानीय तेरापंथ भवन दासरहल्ली में भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन किया गया। तेयुप परामर्शक प्रवीण बोहरा, तेयुप संस्थापक अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी एवं अन्य श्रावक श्राविकाओं ने भिक्षु भजनों का संगान कर वातावरण को भिक्षुमय बनाकर महामना भिक्षु को भावांजलि अर्पित की। इस मौके पर तेयुप अध्यक्ष देवीलाल गांधी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर टी दासरहल्ली सभा के अध्यक्ष नवरतनमल गांधी, तेयुप परामर्शक लादूलाल बाबेल, प्रकाश गांधी, उपाध्यक्ष देवेंद्र बाबेल, अशोक बोहरा, सहमंत्री कैलाश गिलुंडिया, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, संगठन मंत्री सुनील दक, मंत्री दिलीप पितलिया, राजेश गांधी व ज्ञानशाला के बच्चों की उपस्थिति रही।



## तेयुप हनुमंतनगर द्वारा भिक्षु भक्ति धम्म जागरण का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। महाश्रमण सुर संगम द्वारा कटारिया निवास हनुमंतनगर पर फाल्गुन सुदी तेरस को भिक्षु भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। सुर संगम प्रभारी सन्नी रांका, सह प्रभारी सुरेश कोठारी, तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद, परमार्शक विक्रम पुगलिया, सहमंत्री देवेंद्र आँचलिया, राहुल मेहता ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को भिक्षुमय बना दिया।

तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद ने सभी का स्वागत किया। सज्जनराज कटारिया ने प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए तेयुप हनुमंतनगर व परिषद् संचालित महाश्रमण सुर संगम टीम के कार्य को सराहा। इस उपलक्ष्य में तेयुप परमार्शक धर्मेश कोठारी, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर चावत, उपाध्यक्ष महावीर कटारिया, मंत्री राजीव हीरावत, सहमंत्री सुमित चिंडालिया, कोषाध्यक्ष गौतम चावत, संगठन मंत्री दीक्षित सोलंकी सहित अनेक सदस्य व परिवारजन उपस्थित थे।



## रेल पहिया कारखाना में हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत ।रेल पहिया कारखाना में शुक्रवार को हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन कियागया। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रेलवे अस्पताल डॉ. संजना सिन्हा द्वारा कर्मचारियों में कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 'सर्वाइकल कैंसर' के बारे में जानकारी दी। इस संगोष्ठी में 75 कर्मचारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी एस. सविताने किया।

## देवी पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के लग्गेरी स्थित आंग्लापरमेश्वरी देवस्थान में देवी मां पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महेन्द्र मुणोत शामिल हुए। मुणोत ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए देवी शक्ति के प्रकार व उनके माहत्म्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विशेष पूजा अर्चना में भाग लिया।

## वाणी और व्यवहार व्यक्ति की निजी सम्पत्ति

सिंधनूर/दक्षिण भारत । शहर के कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि परिवार में बड़ों का आदर करना- छोटों के साथ भी प्रेमपूर्वक व्यवहार करना यह जीवन की बुनियादी शिक्षा है। आज कल परिवारों में छोटों और बड़े बहुत ज्यादा बोलने लग गए है। किसके सामने क्या बोलना है। कैसे बोलना है ये किसी को ध्यान में नहीं रहता जिसका परिणाम गलत हो जाता है। व्यक्ति की उम्र और समझ उसका अनुभव बढ़ता है। हर व्यक्ति को बोलने की मर्यादा रखनी चाहिए। सभी का



अपना आत्मसम्मान होता है और उसकी परवाह करना आना चाहिए। व्यक्ति अपनी बोली और व्यवहार से परिवार और स्वजनों का दिल जीत लेता है ।

## कांग्रेस सरकारें कुशासन की पर्याय रहीं : सोनोवाल

गुवाहाटी। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से केंद्र की कांग्रेस सरकारों को कुशासन, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और परिवारवादी राजनीतिक का पर्याय बताया और कहा कि 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को साथ लाने मे विफल रहा। 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में बंदरगाह, जहाजरानी, जलमार्ग और आयुष मंत्री सोनोवाल ने जोर देकर कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सकारात्मक काम के आधार पर व्यावहारिक रूप से संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान समाज के हर वर्ग, जैसे किसानों, छात्रों, चाय बागान श्रमिकों, महिलाओं, वृद्ध लोगों और दिव्यांगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और एक विशिष्ट समय सीमा में कई विकासात्मक कार्यक्रम लागू किए हैं। सोनोवाल ने कहा, उसकी वजह से, लोग सशक्त, प्रेरित और उत्साहित हुए। ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं थी, जबकि कांग्रेस 60 साल तक सत्ता में रही थी। उसका कुशासन, भ्रष्ट आचरण, भाई-भतीजावाद और पारिवारिक राजनीति के कारण लोग अपने उचित अधिकारों से वंचित थे। सोनोवाल ने जोर देकर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मुख्य रूप से दो विशिष्ट मापदंडों पर लड़े जाएंगे - आर्थिक विकास प्रक्रिया की गति व पैमाने और विकास यात्रा।





# 'अबीर गुलाल' कार्यक्रम में खूब उड़ा राजस्थानी लोकनृत्य एवं गीत संगीत का गुलाल

## जसवंतगढ नागरिक परिषद के कार्यक्रम को सब ने सराहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की संस्था जसवंतगढ़ नागरिक परिषद ने शनिवार की शाम केआर रोड स्थित कुवेम्पू कला क्षेत्र सभागार में राजस्थानी लोक गीत-संगीत पर आधारित लोकनृत्य व गीतों के एक उत्कृष्ट रंगारंग कार्यक्रम 'अबीर-गुलाल' का आयोजन किया जिसमें स्थानीय व पूरे देश से आए लगभग 25 सुप्रसिद्ध कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य, गीत व साहसी नृत्यों के माध्यम से खूब धमाल किया। सबसे पहले सुप्रसिद्ध गायक निरंजन सारड़ा व हरिकिशन सारड़ा टीम ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हिम्मत कोरोनेशन कार्पोरेशन के हेमा-हिम्मतलाल हिरण परिवार तथा सहप्रायोजक एवन-प्लास्ट कम्पनी के बजाज परिवार सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।परिषद के अध्यक्ष निरंजन सारड़ा ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया तथा होली की शुभकामनाएं दी। मंत्री हरिकिशन सारड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस मौके पर प्रायोजकों व अतिथियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में बनारस से आई सुप्रसिद्ध गायिका पुष्पा बनर्जी ने अपनी सुरीली आवाज में 'उड़ उड़ रे म्हारा काला रै कागला जद म्हारा... लोकगीत गाया तो माहौल में राजस्थानी माटी की सौंधी महक सर्वत्र छा गई। गायक निरंजन सारड़ा ने भक्ति गीतों, राजस्थानी गीतों और देशभक्ति के नग्मों से शानदार शमा बांध दिया। उनके साथ उनके भाई हरिकिशन सारड़ा ने उनका साथ दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में अतिथि कलाकार के रूप में बेंगलूरु के जाने माने गायक, गीतकार व संगीतकार हितेश मेहता ने 'भारत का रहने वाला हूं भारत की बात बताता हूं' गीत गाया तो लोगो ने खूब तालियां बजाईं।

उनके पुत्र ऋषभ मेहता के सदाबहार हिन्दी गानों की प्रस्तुति ने श्रोता-दर्शकों में नया उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के मध्य में हितेष मेहता, निरंजन सारडा व पुष्पा बनर्जी ने एक से बढ़ कर एक राजस्थानी गीत गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

बनारस से आए सुप्रसिद्ध तबला वादक अशोक पांडे एवं की-बोर्ड प्लेयर शुभंकर चटर्जी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सुप्रसिद्ध भावई नृत्य कलाकार बाड़मेर के ख्यातिप्राप्त स्वरूप पंवार ने राजस्थानी लोकनृत्य की झलक पेश कर उपस्थित लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे। सुनील बाफना ने कार्यक्रम का संचालन किया ।









## आरआर नगर में हुई 'नाजुक सा रिश्ता ननद-भाभी का' विषयक कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित 'नाजुक सा रिश्ता ननद -भाभी का' विषयक कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा किया गया।

अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस नाजुक से रिश्ते को बहुत प्रेम व समझदारी से निभाया जाना चाहिए। संयोजिका वंदना भंसाली, सहसंयोजिका पूनम दुगड बहुत ही रोचक एवं आपसी सामंजस्य पर आधारित गेम्स खिलवाए। ननद-भाभी की जोड़ी ने कविता / शायरी के माध्यम से एक दूसरे का परिचय दिया। संभागीय सभी जोड़ियां को प्रोत्साहित किया गया। प्रथम पर रही प्रेम बैद-सुमन मालू, द्वितीय कविता बैद-गरिमा मालू एवं तृतीय स्थान पर रजनी बैद-पूजा नाहटा रही। सभी जोड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

निर्णायक की भूमिका में अध्यक्ष लता बाफना एवं प्रचार प्रसार मंत्री पूनम दक ने भूमिका निभाई। लता बाफना ने कहा कि इस रिश्ते को पारदर्शिता, सहनशीलता और मर्यादित रहते हुए और मजबूत बनाया जा सकता है। संचालन वंदना भंसाली एवं पूनम दुगड़ ने किया। मंत्री पदमा महेर ने धन्यवाद दिया।



## तेरापंथ महिला विजयनगर ने वर्षीतप तपस्वियों का किया तप अभिनंदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा वर्षीतप करने वाले तपस्वियों का तप अभिनंदन एवं अनुमोदना का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए तपस्वियों की अनुमोदना की। वर्षीतप करने वाली तपस्वी सुनीता पींचा, चंचलबाई मांडोत, मीनाबाई मांडोत, किरणबाई पारख, कांताबाई सियाल, सरलादेवी पारख का सम्मान मंडल द्वारा पट्ट एवं तप अभिनंदन पत्र द्वारा किया गया। सदस्याओं द्वारा बहुत ही सुंदर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई जिसमें भगवान ऋषभदेव का अपने प्रपोत्र श्रेयांश कुमार के हाथों हुए उनके पारणे की झांकी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भेजे गए वीडियो में एबीटीएमएम द्वारा चयनित वीडियो के लिए प्रियंका गादिया एवं विपुला गोखरू एवं 'आराधना आराध्या की' स्वरचित काव्य रचना अभिनंदन के स्वर प्रतियोगिता में चयनित काव्य पाठ के लिए उषा सेठिया एवं मोनिका बांठिया का सम्मान मंडल द्वारा किया गया।

तपस्वियों के परिवारजनों ने तप की अनुमोदना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मंत्री दीपिका गोखरू ने तपस्वियों का गीतिका के माध्यम से अभिनंदन किया।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया एवं आभार ज्ञापन अंजू सेठिया ने किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com